श्रावण कृष्ण पक्ष -3, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 34 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 जुलाई 2024 बुधवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# मानसून का स्ट्रांग सिस्टम कल से पड़ेगा कमजोर, चार दिन राहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में असर दिखा रहा बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज भी सक्रिय है लेकिन यह कल शाम के बाद कमजोर पडने लगेगा। आज इंदौर, ग्वालियर, चंबल संभाग समेत प्रदेश के 20 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल में भी तेज बौछार का दौर रहेगा। उधर छतरपुर के बमनोरा में रात को धसान नदी का जलस्तर बढ़ जाने से टापू पर 59 लोग फंस गए। पुलिस और एसडीईआरएफ ने सभी को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। लगातार हो रही बारिश से मध्यप्रदेश की नदियां, बांध और तालाबों में पानी का लेवल बढ़ गया है। 24 घंटे में इंदिरा सागर, तिघरा, तवा, बरगी जैसे बडे डैम में 3 से 6 फीट तक पानी बढ़ा है। बैतूल के सतपुड़ा, मंडला में नैनपुर के थावर और श्योपुर के डैम के गेट खोलना पड़े हैं। प्रदेश में अब तक एवरेज 13.8 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की करीब 38 प्रतिशत है। हालांकि, अब तक की बारिश में यह 2 प्रतिशत कम है।

### छतरपुर में हालात बिगडे



मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून ट्रफ लाइन अभी प्रदेश में एक्टिव है। लो प्रेशर एरिया, साइक्लोनिक सर्कुलेशन में बदल गया है। मानसून ट्रफ लाइन भी यहीं से गुजर रही है। राजस्थान, उत्तरप्रदेश के ऊपर भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में एवरेज से 5 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है।

### गुजरात में इमारत धराशायी



पिछले दो दिनों से तेज बारिश के दौर में आज द्वारका में तीन मंजिला इमारत गिर गई। इससे तीन की मौत हो गई। सूरत में 24 घंटे में 23 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। यहां सड़कों पर नदी जैसे तेज बहाव से पानी बह रहा है। उधर, नेपाल से सटे इलाकों में तेज बारिश के कारण उत्तर प्रदेश के लखीमपुर, गोरखपुर, महाराजगंज, गोंडा, बहराइच समेत 10 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।

## काठमांडू में प्लेन क्रैश 18 यात्रियों की मौत



**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में आज एक विमान क्रैश हो गया है। प्लेन में क्रू समेत 19 लोग सवार थे। यह काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर बाद यह क्रैश हो गया। प्लेन सौर्या एयरलाइन्स का था। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हादसे में जानमाल के नुकसान से जुड़ी फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि क्रैश के बाद विमान में आग लग गई थी। इसे तुरंत बुझा दिया गया है। हादसे के बाद घायल पायलट को अस्पताल पहुंचाया गया है।

## कांग्रेस विधायक यादवेंद्र के घर असम पुलिस की दबिश

**टीकमगढ़ ।** कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के घर पर आज फिर असम पुलिस ने रेड की है। विधायक के ताल दरवाजा स्थित निवास पर बुधवार सुबह असम पुलिस पहुंची। बताया जाता है कि विधायक के बेटे शाश्वत सिंह बुंदेला पर असम में धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज है। शाश्वत सिंह 6 माह से फरार चल रहा है। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के वक्त भी असम पुलिस ने सिंह के घर दस्तक दी थी।



### विपक्ष का आरोप-बजट से 90 प्रतिशत देश गायब, वॉकआउट

# बजट के बाद संसद के अंदर-बाहर हंगामे के हालात, बैठक का बायकाट





**नई दिल्ली , एजेंसी।**

संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन और बजट के ठीक अगले दिन यानि आज हंगामे के हालात हैं। राज्यसभा में विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए वॉकआउट कर दिया। जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण के दौरान कहा, हर बजट में, आपको इस देश के हर राज्य का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। तो इस पर नाराज विपक्ष के नेता नारे लगाते हुए बाहर चले गए। उधर हंगामे के बीच लोकसभा में प्रश्न काल चला। इसके बाद बजट पर चर्चा शुरू होना है। बजट पर चर्चा के लिए 20 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। मगर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के सांसदों ने बजट के खिलाफ प्रदर्शन किया। परिसर में सभी सांसद जुटे इनमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी,अखिलेश यादव आदि शामिल थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- यह अन्याय है। हम विरोध करेंगे। बजट से 90 प्रतिशत देश गायब है। कांग्रेस व इंडिया गठबंधन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की मीटिंग का भी बॉयकॉट किया है।

## मुद्दत बाद सोनिया-जया में हास परिहास

एक दौर था जब गांधी परिवार और बच्चन परिवार के बीच दोस्ताने की मिसालें दी जाती थीं। बीते दो दशक में दोनों परिवार एक दूसरे से कट गए। मगर आज संसद में बदला-बदला नजारा दिखा। अरसे बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और बिग बी अमिताभ बच्चन की सांसद पत्नी जया बच्चन संसद परिसर में हंसी-ठिठोली करती नजर आईं। दरअसल,सभी विपक्षी दल केंद्र के बजट का विरोध करने एकत्र हुए थे। इसी दौरान सोनिया गांधी और जया बच्चन बातचीत करती नजर आईं।

## नागर एपिसोड के बाद शाह का कैबिनेट प्रवेश अटका!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन एवं पर्यावरण विभाग छिन जाने के बाद नागर सिंह चौहान आधी रात को सीएम मोहन यादव से मुलाकात के बाद



जाहिर तौर पर तो मान गए लगते हैं लेकिन तय माना जा रहा है कि उन्हें संतुष्ट रखने की जुगत सत्ता व संगठन के स्तर पर शुरू हो गई है। सूत्रों का दावा है कि कल दिल्ली में उनकी केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात नहीं हो सकी। लेकिन हाइकमान भी उप्र के हाल में उभरे हालातों को देखते हुए मप्र के मामलें में सतर्क हो गया है। यहां कांग्रेस से आए नेताओं की लंबी कतारें और यह सभी 'राजप्रसाद' की हसरत पाले हुए हैं। वहीं नागर ऐपिसोड आने के बाद अमरवाडा से हाल में उपचुनाव जीते कमलेश शाह को कैबिनेट में लेने का वादा पूरा करने से पहले भाजपा को नये सिरे से अपने मूल काडर की मन स्थिति का आकलन करना पड रहा है। लिहाजा वापस लौटकर वे सीधे सीधे सीएम हाउस पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन मंत्री हितानंद मौजूद थे। फिलहाल नागर को बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया गया है। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की दिल्ली जाने की खबर है। माना जा रहा है वे इस मामले में शीर्ष नेताओं से मिलकर रास्ता तलाशेंगे। खास बात यह है कि इस प्रकरण पर उनकी पत्नी सांसद अनीता सिंह चौहान ने चुप्पी साध रखी है। मगर भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने जबलपुर में कह दिया है कि 'नागर सिंह चौहान ने सोच-समझकर कदम उठाया होगा। मंत्री बनना दलबदलू नेताओं का सौभाग्य और हमारा दुर्भाग्य है। हम अपनी ही पार्टी में ठगा महसूस कर रहे हैं। हालांकि नागर का महकमा उनसे क्यों वापस लिया गया, इसका जवाब मुख्यमंत्री और मंत्री के पास होगा।

## दुनिया के इतिहास का सबसे गर्म दिन रहा 21 जुलाई!

**नई दिल्ली ।** दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। वैश्विक स्तर पर तापमान के परिवर्तन पर नजर रखने वाली एजेंसी ने झुलसा देने वाली गर्मी को लेकर आंकड़े जारी किए है। इनमें पिछले हफ्ते अमेरिका समेत यूरोपीय देशों में लू और गर्मी ने लोगों को परेशान करने का जिक्र है। ताजा आंकड़ों के अनुसार 21 जुलाई सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया के इतिहास का अब तक का सबसे गर्म दिन बन गया है। इस दिन औसत तापमान पिछले 84 वर्षों के तुलना में अधिक दर्ज किया गया। लंदन स्थित यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, पहली बार वैश्विक औसत सतही वायु तापमान 17.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जिसने पिछले साल जुलाई के तापमान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कॉपरनिकस का कहना है कि 21 जुलाई को इस बार दैनिक औसत तापमान का पुराना रिकॉर्ड टूट गया।



## बाइडेन की ट्रंप साबित हो सकती हैं कमला, चौंकाने वाले संकेत

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप पहले से हैं लेकिन बाइडेन के हटने और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में आने की संभावना से समीकरण बदलने लगे हैं। अभी पूरी तरह निश्चित नहीं है, लेकिन बहुत संभावना है कि भारतीय मूल की हैरिस ही ट्रंप के सामनें होंगी। इस बीच एक सर्वे सामने आया, जिसमें हैरिस की ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है।

बताया जाता है कि रॉयटर्स-इप्सोस के पोल में हैरिस ने ट्रंप के ऊपर दो प्रतिशत की बढ़त हासिल की। यह पोल जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनावी अभियान से हटने की घोषणा के बाद सोमवार और मंगलवार को किया गया। इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति बाइडन ने सभी को चौंकाते हुए चुनाव न लडऩे की घोषणा की थी। 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनके ऊपर लगातार चुनाव न लडऩे का दबाव बना हुआ था। सर्वे में कमला हैरिस को 44 प्रतिशत समर्थन हासिल है, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को 42 प्रतिशत लोगों ने समर्थन किया।



# कभी रेड जोन तो कभी ग्रीन!



# कल सहमा-सहमा था बाजार आज फिर घबराहट

**मुंबई, एजेंसी।**

कल संसद में पेश हुए बजट के बाद आज यदि किसी पर सबसे ज्यादा निगाहें हैं तो वह है शेयर बाजार। इसीलिये आज सुबह जब शेयर बाजार ने धीमी शुरुआत की तो इसके कई तरह के संकेत पढे गये। सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा फिसल गया, तो वहीं निफ्टी ने 30 अंक से ज्यादा फिसलकर कारोबार शुरू किया। बाद में सेंसेक्स 600 अंक और निफ्टी में 150 अंक की गिरावट है। वहीं, बैंक निफ्टी करीब 1000 अंक टूट गया है।

कल भी वित्त मंत्री के ऐलानो का सीधा असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिला था। खासतौर पर कैपिटल गेन्स टैक्स में इजाफे के फैसले से बाजार का मूड खराब हुआ था और इसने निवेशकों को खूब डराया था। तब भी बीएसई का सेंसेक्स 1200 अंक, तो एनएसई का निफ्टी 500 अंक तक फिसला था। बाद में कल शाम कारोबार खत्म होते-होते दोनों में तेज रिकवरी भी हुई।

अब आज भी बाजार निवेशकों के साथ आंख-मिचौली कर रहा है। बाजार के दोनों इंडेक्स लाल निशान पर ओपन हुए तो निवेशक घबरा भी। सेंसेक्स 80,343.28 के लेवल पर ओपन हुआ तो निफ्टी 24,444 के लेवल पर खुला। हालांकि, बाद में सेंसेक्स-निफ्टी की चाल बदली-बदली नजर आई भी लेकिन आशंका दूर नहीं हुई। ये कभी ग्रीन जोन में, तो अगले ही पल फिर ले लाल निशान पर कारोबार करते नजर आने लगे। उल्लेखनीय है कि जब वित्त मंत्री ने संसद में अपने बजट भाषण की शुरुआत की थी तब शुरुआती गिरावट तेजी में तब्दील नजर आई, लेकिन ये ज्यादा देर तक कायम नहीं रही। ब वित्त मंत्री ने टैक्स को लेकर बोलना स्टार्ट किया और कैपिटल गेन्स टैक्स में इजाफे का ऐलान किया, तो बाजार भरभराकर टूट गया था।



### अंबानी को 9 हजार करोड़ का फटका

गौरतलब है कि बजट के दिन सेंसेक्स 1500 अंक तक गिर चुका था और बाद में 70 अंक की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। इस फेर में देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुआ। जबकि अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस में गिरावट से कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.1 अरब डॉलर यानी करीब 9,206 करोड़ रुपये की गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 112 अरब डॉलर रह गई है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 75.1 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वित्त मंत्री जब बजट पेश कर रही थीं तो अडानी ग्रुप के शेयरों में पांच फीसदी तक तेजी आई थी।

## कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में बीती रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। पूरे इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड में सेना का एक जवान भी घायल हुआ है। इससे पहले उत्तरी कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा के लोलाब में मंगलवार को सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबल इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा के कोवुत में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा 23 जुलाई को एक संयुक्त खोज अभियान शुरू किया गया था। 24 जुलाई को सतर्क सैनिकों द्वारा संदिग्ध गतिविधि देखी गई और चुनौती दी गई, जिसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। एक आतंकवादी को मार गिराया गया।





# फिर ट्रेफिक होगा डायवर्ट
# मेट्रो के लिए अब अलवर से आए स्टील ब्रिज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए लंबे समय से कई बाधाएं झेल रही राजधानी में बारिश की वजह से तकलीफ कई गुना बढ गई हैं, डायवर्सन और खुदी हुई सड़कों के चलते यातायात व्यवस्था आए दिन लड़खड़ाती रहती हैं। इस बीच अब मेट्रो के लिए 103 मीटर के दो स्टील ब्रिज बनाने की तैयारी है। इसके लिये भी ट्रेफिक डायवर्ट किया जाएगा। पहला ब्रिज सड़क और दूसरा रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरेगा। ब्रिज से ही मेट्रो होशंगाबाद रोड से एम्स की ओर जाएगी। बताया जाता है कि मेट्रो कॉर्पोरेशन को ब्रिज बिछाने की मंजूरी मिल गई है। अब ब्लॉक की तारीख का इंतजार है। संभवतः अगस्त में ब्लॉक मिल सकता है। वहीं, स?क के ऊपर से गुजरने वाले ब्रिज का काम भी अंतिम दौर में है। यह राजस्थान के अलवर से बनकर आए हैं।

अफसरों का कहना है कि रेलवे ट्रैक के ऊपर से जो स्टील ब्रिज गुजरेगा, उसकी रेलवे से अनुमति मिली है। अब यह तय किया जा रहा है कि ब्लॉक किस दिन दिया जाए। इस दिन कुछ ट्रेनों को डायवर्ट भी किया जा सकता है। दूसरी ओर, मेट्रो कॉर्पोरेशन को भी निर्धारित समय पर ब्रिज को पिलर पर रखना होगा। अभी ब्रिज को असेंबल कर दिया गया है। यह ब्रिज राजस्थान के अलवर में बना है, जो दिल्ली मेट्रो जैसा ही डिजाइन हैं। जनवरी-फरवरी में ब्रिज के पार्ट्स अलवर से भोपाल आ गए थे। जिन्हें मार्च में असेंबल करना शुरू किया गया। डीआरएम ऑफिस चौराहे पर साढ़े 4 महीने से रास्ता भी डायवर्ट किया गया है। ऐसे में लोगों को काफी घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। रास्ता खुलने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

### ब्रिज के नीचे गुजरेंगी ट्रेन

**आरकेएमपी से डीआरएम ऑफिस के बीच रेलवे लाइन है, इसलिए 65 मीटर लंबा स्टील ब्रिज रखा जाएगा। दोनों ओर पिलर खड़े हो चुके हैं। रेलवे के ब्लॉक के बाद ब्रिज को रखा जाएगा। ब्रिज की चौड़ाई 15 मीटर है, जबकि ऊंचाई 14 मीटर रहेगी। इससे नीचे ट्रेनें आसानी से गुजर सकेंगी। इसी तरह रेलवे क्रॉसिंग के बाद दूसरा ब्रिज डीआरएम ऑफिस चौराहे पर बन रहा है। इसकी लंबाई 48 मीटर और चौड़ाई 8 मीटर है। वहीं, यह 14 मीटर ऊंचा रहेगा। ब्रिज बनने के बाद नीचे गाड़ियां निकलेगी तो ऊपर मेट्रो गुजरेगी।**

# फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी को 5 साल की जेल, 10 हजार जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी जितेन्द्र ममतानी को न्यायालय ने 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह की अदालत ने सुनाया है। मामले में शासन द्वारा की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नीतू जैन द्वारा पैरवी की गई है।

**यह है पूरा मामला:** लोक अभियोजन के अनुसार, 20 अक्टूबर 2020 को फरियादी द्वारा एमपी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी पहचान जितेन्द्र मस्तानी से वर्ष 2011 में हुई थी और जितेंद्र ने बताया कि वह आईकॉन डेवलपिंग प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भोपाल के कोलार रोड गेहूं खेड़ा में 2 बी.एच.के. का एक फ्लैट जिसका नंबर 108 ब्लॉक ए मे बुक किया गया है। उक्त फ्लैट का 17 लाख पचास हजार रुपये मे 12 जुलाई 2011 को फरियादी एवं जितेन्द्र ममतानी व डी.एच.एफ.एल. बैंक के मध्य ट्रायपार्टी का एग्रीमेंट हुआ। फरियादी द्वारा बुक किए गए फ्लैट के दो बार मे 3,50,000 रूपए आरोपी जितेन्द्र को नगद प्रदान किए गए, जिसकी रसीद भी है। वहीं शेष राशि बैंक से फाइनेंस की गई रकम से आरोपी जितेन्द्र को फ्लैट बनाकर सुपुर्द किया जाना था। बैंक द्वारा फाइनेंस की गई राशि 13,40,432 रूपए फरियादी से प्राप्त कर लिए गए और फ्लैट की सुपुर्दगी नहीं की गई। लोक अभियोजन के अनुसार, फरियादी को बाद में पता चला कि आरोपी जितेन्द्र द्वारा उक्त फ्लैट किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कर उसकी रजिस्ट्री एवं नामांतरण कर दिया गया और फरियादी द्वारा आरोपी जितेन्द्र से इस संबंध मे बात की तो वह पैसे वापस करने की बात कर रहा था और लगातार टालमटोल कर न तो फरियादी को फ्लैट मिला न ही रूपए।

### फ्लैट के लिए एग्रीमेंट किया और लिए रुपए, बाद में पता चला पहले ही किसी और बेंच दिया है

# 25 जुलाई को इंटर कॉलेज-यूनिवर्सिटी बैण्ड कॉम्पीटिशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

युवाओं को सांस्कृतिक अनुशासनों से जोड़ने और शैक्षणिक संस्थापनों की प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा नवाचार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत भोपाल के शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित स्टूडेंट्स के म्यूजिकल बैंड के बीच कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जायेगा। श्रेष्ठ बैंड को 4 अगस्त को हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जन स्मृति में आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम ये शाम मस्तानी में प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में इंटर कॉलेज-यूनिवर्सिटी बैण्ड कॉम्पिटिशन आयोजित किया जा रहा है। इसमें भोपाल के कॉलेज-यूनिवर्सिटी के बैंड के युवा कलाकार किशोर कुमार के गीतों पर अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क होगा।

# पवन-अरूणिता का पहला शो 4 को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीवी के परदे के जाने पहचाने नाम व मशहूर गायक बन चुके पवनदीप राजन व अरूणिता घोष मप्र सरकार के संस्कृति विभाग के आयोजन में अपनी प्रस्तुतियां देने 4 अगस्त को भोपाल में होंगे। वे गायक किशोर कुमार की जयंती पर 'ये शाम मस्तानी' कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक संस्कृति विभाग ने इस बार एक नवाचार भी किया है। इसके तहत भोपाल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के चयनित बैंड म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पवनदीप - अरुणिता की प्रस्तुति से पहले प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में श्रोताओं को प्रवेश-पत्र के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। यह प्रवेश-पत्र निःशुल्क होगा, जिसे संस्कृति संचालनालय, गैस राहत एवं पुर्नवास भवन,, शिवाजी नगर (रेडक्रॉस अस्पताल के पीछे) से 25 जुलाई से कार्यालयीन समय पर वितरित दिए जाएंगे। कार्यक्रम का समय सायं 6.30 बजे से होगा।



# संवेदनशील लेखन समाज का मार्गदर्शन करता है

### प्रलय श्रीवास्तव की पुस्तक का विमोचन



**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि सामाजिक समस्याओं पर संवेदनशील लेखन समाज का मार्गदर्शन करता है। कुरीतियों के सुधार के लिए प्रेरित करता है। हमेशा से लेखक और विचारकों ने शासन व्यवस्था को जागरूक किया है, सहयोग प्रदान किया है। ताकि सुशासन की स्थापना हो। उप-मुख्यमंत्री ने लेखक एवं संयुक्त संचालक जनसंपर्क प्रलय श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक 'अभिव्यक्ति के चार दशक' का विमोचन करते समय यह बात कही। उन्होंने प्रलय श्रीवास्तव की दोनों पुस्तकों- मध्य प्रदेश में चुनाव और नवाचार तथा अभिव्यक्ति के चार दशक का जिक्र करते हुए कहा कि लेखक ने अपनी शासकीय जिम्मेदारियों को निभाते हुए लेखन के क्षेत्र में एक लंबी यात्रा तय की है। चाहे वह विधानसभा में नियुक्ति के दौरान उनके अनुभव हों या चुनाव आयोग के दौरान उनके द्वारा किए गए नवाचार। जिस व्यक्ति में संवेदनाएं होती है, वही सिस्टम को इतनी गहराई , इतनी बारीकी से देख पाता है। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार स्व. सत्यनारायण श्रीवास्तव की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा शुरू की गई जागरूक जनमत न्यूज वेबसाइट और जागरूक जनमत यूट्यूब चैनल के लोगो का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री लखन पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस, विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी, पूर्व सांसद श्आलोक संजर, वरिष्ठ पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री मनोज श्रीवास्तव सहित जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारी, पत्रकारगण और साहित्यकार उपस्थित थे। चिटनिस ने कहा कि प्रलय श्रीवास्तव की पुस्तक 'अभिव्यक्ति के चार दशक' वाकई चार दशकों की अनुभूति का अनूठा माध्यम है। इस पुस्तक के माध्यम से हम मानव सभ्यता और इतिहास के बदलते हुए पहलुओं से साक्षात्कार कर सकते हैं।

### भारत विकास परिषद ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत

# नवयुवक सभा में मना गुरूपूर्णिमा उत्सव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनन्दरामटी.शाहानी कन्या विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संत हिरदारामजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

सभा के सदस्य आयलदास साधवानी ने कहा कि जीवन में अनुशासन और नम्रता सफलता की सीढ़ी है विद्यालय के संस्कार ही हमें आगे बढ़ने के लिए काम आते हैं माता पिता और गुरु ईश्वर के रूप हैं उनका आशीर्वाद हमेशा लेना चाहिए। भारत विकास परिषद के प्रकाश रंगवानी, कविता इसरानी, कीर्ति तोलानी ने बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मुस्कान आवतनी, नंदिनी जैन, वाणी नारवानी, हर्षिता मालवीय एवं सर्वश्रेष्ट कार्य करने वाले शिक्षक रितु मूलचंदानी, हेमन्त पाटीदार को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर अनन्दराम टी.शाहानी कन्या विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान, सिंधु माध्यमिक प्राचार्या प्रिया धर्मदासानी समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थी वर्ग उपस्थित हुए।

**मेट्रो एंकर**

### इंडोर खेल का मैदान बनेगा, हनुमान चालीसा पाठ

# संस्कार स्कूल के नए ब्लॉक का लोकार्पण

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय भवन का विस्तार किया गया है। मंगलवार को संस्था के पदाधिकारियों ने विधिवत पूजन के साथ नवीन खंड का लोकार्पण किया। पूजन कार्यक्रम पंडित जय महाराज ने कराया। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि स्कूल के अधिकांश बच्चों को हनुमान चालीसा याद हो गया है, अब हनुमान चालीसा का अर्थ समझना और याद करना है। विद्यालय में नवीन ब्लॉक निर्माण से कमरों की कम पूरी हो गई है। भविष्य में बच्चों के लिए इनडोर खेल के मैदान का निर्माण करने का विचार भी है।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा हनुमान चालीसा का पाठ करने से मन का विकास होता है और शरीर का भी विकास होता है तथा हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की शक्ति प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित गौहर खान ने कहा कि संस्कार विद्यालय किसी भी संस्था से कम नहीं है, संस्कार विद्यालय में कम शुल्क पर उच्च षिक्षा और इतने अच्छे संस्कार दिये जाते हैं। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के डॉ जी.टी. खेमचन्दानी और कमल प्रेमचन्दानी ने ''गुरू वंदन छात्र अभिनंदन मंच'' की ओर से विद्यालय के शिक्षकों एवं मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान किया।



### कंठस्थ याद की हनुमान चालीसा

एक साल पहले संतनगर के संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को शुरू की गई हनुमान चालीसा पाठ की परंपरा के चलते नन्हे-मुन्ने बच्चों को कठंस्थ चालीसा याद हो गई है। एक बच्चे ने आज मच से बिना हनुमान चालीसा का पाठ कर मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के बच्चे अब चालीसा का अर्थ समझ रहे हैं।

# सुबह अभिषेक, शाम को पार्थिव शिवलिंग बन रहे



**हिरदाराम नगर।** संतनगर के नुक्कड़ वाली माता मंदिर, सैनिक कॉलोनी में सावन मास में हर दिन शिव अभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। सुबह भोले बाबा का अभिषेक एवं शाम को पार्थिव शिवलिंग बनाकर श्रद्धालु भगवान शिवजी की पूर्जा अर्चना कर रहे हैं। शिव महापुराण का प्रतिदिन मूल पाठ भी किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी रवि पटेरिया ने बताया की वर्षों बाद इस साल सावन मास की शुरूआत सोमवार को हुई है और समापन भी सोमवार को हो रहा है। पांच सोमवार भगवान भोलेनाथ के पड़ रहे हैं। प्रातः काल शिव अभिषेक के मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा को बनाया गया।

### भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल हुए आरएसएस सरकार्यवाह, सीएम समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद

# होसबोले ने कहा-संस्कृति का नाश करके सभ्य समाज नहीं बनाया जा सकता



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

संस्कृति का नाश करके कोई भी देश सभ्य समाज नहीं बना सकता। यह बात आरएसएस के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कही। वह मंगलवार को रवींद्र भवन में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आयोजन को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन भामसं के 69 वर्ष पूर्ण होने और 70वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर आयोजित किया गया। सर कार्यवाह ने लगातार गिरते आपसी सद्भाव को लेकर यह बात कही। यह भी कहा कि आज दुनिया भर में मजहबी कट्टरवाद बढ़ता जा रहा है जिसकी वजह से मानवता त्रस्त है। सांस्कृतिक संकट गहरा गया है। श्रद्धाविहीन समाज का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे समय में दुनिया भारत की ओर देख रही है। असल उक्त राष्ट्रीय आयोजन में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, आरएसएस के पूर्व सह सरकार्यवाह वी भागय्या व अन्य ने भारतीय मजदूर संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विश्व में उसकी ताकत का अहसास कराया और उपलब्धी भी बताई। जिसको लेकर आरएसएस के सर कार्यवाह का कहना था कि जब भारतीय मजदूर संघ श्रमिक हितों के क्षेत्र में दुनिया भर में काम कर रहा है और अच्छे काम कर रहा है तो भविष्य के इन संगठनों से दुनिया को राह दिखाने में भी भारतीय मजदूर संघ को आगे आना चाहिए। वैचारिक क्षेत्र में काम करके, दुनिया की उम्मीदों को पूरा किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने की और संघ के कामों की जानकारी दी तो आरएसएस के पूर्व सह सरकार्यवाह वी भागय्या ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सम्मान मिलना चाहिए। यह संघ मैं नहीं, तू ही... की भावना से आगे बढ़ रहा है, इसलिए आज तक कोई विवाद नहीं हुए। व्यक्तिगत जय-जयकार भी नहीं होती। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल भी मंच पर मौजूद थे तो वहीं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

### वन और पर्यावरण विभाग छीनकर रावत को देने से नाराज है नागर

### इस्तीफा देने की धमकी के बाद गए थे दिल्ली, वहां नहीं हुई किसी से मुलाकात

## सत्ता व संगठन का फोटो संदेश

# ऑल इज वैल, पर इस्तीफे की धमकी देने वाले नागर ने मुंह नहीं खोला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सत्ता और संगठन की ओर से मंगलवार देर रात एक फोटो संदेश जारी कर यह बताने की कोशिश की गई कि सबकुछ ठीक है, कहीं कोई नाराजगी नहीं है लेकिन नाराज मंत्री नागर सिंह चौहान ने बुधवार दोपहर तक मुंह नहीं खोला। चौहान ने सोमवार इस्तीफा देने की धमकी देकर भोपाल से दिल्ली तक सियासी पारा चढ़ा दिया था। जिसके बाद भाजपा और मोहन सरकार में हलचल तेज हो गई थी। वन और पर्यावरण विभाग छीनकर मंत्री रामनिवास रावत को दिए जाने से मंत्री नागर नाराज हो गए थे। उन्होंने सोमवार को इस्तीफे की धमकी दी थी। उनकी सांसद पत्नी अनीता सिंह नागर से भी इस्तीफा दिलाने का दावा किया था। जिसके बाद हंगामा मच गया।



इस बीच मंगलवार देर रात नागर दिल्ली से वापस भोपाल लौटे, जिन्हें मुख्यमंत्री आवास बुलाया गया जहां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बातचीत की। इसी का हिस्सा नागर भी थी। लंबी चर्चा के बाद सरकार की ओर से रात करीब 12 एक फोटो जारी किया, जिसमें चारो आपस में बातचीत करते दिखे। बातचीत का अंदाजा हंसी वाला था, जिसको लेकर अंदाजा लगाया गया कि सबकुछ ठीक है। दिल्ली से वीडियो जारी कर, खुद को बताया विधायक मंत्री नागर सिंह चौहान मंगलवार तड़के दिल्ली गए थे, वहां वे राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलना चाहते थे। साथ में उनकी सांसद पत्नी भी थी। सूत्रों के मुताबिक वहां उनकी किसी से मुलाकात नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने खुद को मंत्री की जगह अलीराजपुर का विधायक बताया।

**समर्थकों ने सबनानी को घेरा**

इधर नागर में राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलने की कोशिशों में जुटे नागर के कई समर्थक दिन में प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच गए थे। इनमें सभी क्षेत्र के आदिवासी नेता था। जिन्होंने प्रदेश संगठन मंत्री भगवानदास सबनानी से बातचीत की। जिसमें नाराजगी वाला पक्ष रखा। सूत्रों के मुताबिक ये नेता इस बात पर भी अड़े थे कि उनकी बात वरिष्ठ स्तर के पदाधिकारियों से कराई जाए। जिस पर उन्हें भगवानदास सबनानी की ओर से कहा गया कि संगठन में प्रत्येक स्तर पर बातचीत चल रही है और सबकुछ हो जाएगा।

## आरजीपीवी: प्रदेश भर में 179 केंद्रों पर बीटेक, बीफार्मा और बीआर्क, एमसीए की परीक्षाएं शुरू

**- 2 लाख विद्यार्थी हो रहे शामिल,**
**- 31 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी परीक्षाएं**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की बीटेक, बीफार्मा और बीआर्क, एमसीए प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। यह परीक्षाएं 31 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में लगभग 2 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 179 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए विवि ने गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य किया है। कालेज प्रबंधन को सीसीटीवी की रिकार्डिंग विवि अथवा नोडल केंद्र में अनिवार्य रूप से जमा करना होगी। इसी के साथ संबंधित को उसे जमा करवाने की रसीद भी प्राप्त करना होगी। प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, बीटेक 23 जुलाई से 31 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), बी फार्मा 23 जुलाई से 29 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), बी आर्क 23 जुलाई से 31 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), एमसीए प्रथम वर्ष 23 जुलाई से 21 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), एमटेक प्रथम वर्ष 24 जुलाई से 17 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), एम फार्मा प्रथम वर्ष 24 जुलाई से 13 अगस्त (थ्योरी और प्रैक्टिकल), एमबीए प्रथम वर्ष 24 जुलाई से 30 अगस्त एमबीए द्वितीय वर्ष 23 जुलाई से 11 सितंबर है।

**सीसीटीवी की निगरानी में पेपर, उड़नदस्तों की टीम गठित:** प्रश्नपत्रों को पर्यवेक्षक की उपस्थिति में सीसीटीवी की निगरानी में खोले जा रहे है। विद्यार्थियों द्वारा नकल प्रकरण पाए जाने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए उड़नदस्तों की टीम गठित की गई है।

## विदेश से पीजी-पीएचडी के लिए स्कॉलरशिप, आवेदन 31 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विदेश से पीजी-पीएचडी करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में पोस्ट ग्रेजुएशन एवं पीएचडी उपाधि के लिए स्कॉलरशिप स्कीम सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर) के अन्तर्गत आवेदन मंगाए हैं। स्टूडेंट्स के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप लेने के लिए उच्च शिक्षा संचालनालय में आवेदन जाकर जमा करना होगा या डाक द्वारा भेजना होगा। आवेदन सिर्फ ऑफलाइन माध्यम से ही जमा होंगे। विद्यार्थी का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी का अर्हकारी परीक्षा यूजी पीजी में 60 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## नियुक्ति के लिए चयनित शिक्षकों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2023 के 4721 मेरिट होल्डरों की चयन सूची जारी हुए करीब 5 माह हो चुके है। लेकिन अभी तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए जा सके हैं। ऐसे में चयनित शिक्षक परेशान हो रहे हैं। नियुक्ति आदेश के लिए चयनित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीपीआई आयुक्त शिल्पा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है। चयनित शिक्षकों का कहना है कि कभी शिक्षा विभाग तो कभी ट्राइबल विभाग तो कभी शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी आज तक मांग पूरी नहीं की गई है।

**यह है पूरा मामला:** गौरतलब है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती की चयन परीक्षा पिछले साल अगस्त में हुई थी जिसका परिणाम और चयनित सूची 20 फरवरी को जारी हुई थी, लेकिन विभाग की सुस्ती के कारण आज तक नियुक्ति नहीं मिली है। शिक्षा विभाग ने जून माह में इनका दस्तावेज सत्यापन भी करवा लिया है। 1 माह बीत जाने के बाद भी विभाग ने नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए हैं। वही ट्राइबल विभाग ने तो अभी तक दस्तावेज सत्यापन भी नहीं करवाया है, जबकि दोनों विभाग की चयन सूची संयुक्त रूप से जारी हुई थी।

## अनुसूचित जाति मोर्चा 28 जुलाई को प्रदेश भर में करेगा पौधारोपण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 28 जुलाई को प्रदेश भर में पौधारोपण करेगा। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बताया कि मोर्चा 28 जुलाई को जिला स्तर पर 111 और मंडल स्तर पर 21 पौधे लगाने जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जाटव ने अभियान के तहत पौधारोपण के लिए जिला अध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जिलों और मंडलों में तय समय पर पौधारोपण किया जाए। डॉ. जाटव ने बताया कि पौधारोपण अभियान के तहत मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी इंजी. सूरज खरे को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

## दो जिलों में नये कलेक्टर पदस्थ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव के बाद मोहन सरकार ने मैदानी स्तर पर प्रशासनिक जमावट के तहत तीन आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए। कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद को हटाकर मंत्रालय में उप सचिव पदस्थ किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ उप सचिव अदिति गर्ग को मंदसौर का कलेक्टर बनाया गया है। मंदसौर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव अब कटनी के कलेक्टर होंगे।

**मेट्रो एंकर** केंद्र की मोदी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया

# भाजपा ने बजट को बताया उत्थान वाला, कांग्रेस ने कहा सिर्फ झुनझुना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय बजट में मप्र में विभिन्न प्रतिक्रिया उभरी हैं। सत्तारूढ दल भाजपा के नेताओं ने इसे शानदार बजट कहा है तो कांग्रेस ने इसे निरशाजनक और 29 सीटें भाजपा को देने वाले प्रदेश के लिये झुनझुना तक कहा है। **मुख्यमंत्री मोहन यादव** ने केंद्रीय बजट 2024-25 पर कहा कि यह किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान पर केंद्रित बजट है। उन्होंने कहा कि नई टैक्स रिजीम में बदलाव, मुद्रा ऋण की सीमा बढ़ाने तथा युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष पैकेज के निर्णय ऐतिहासिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत में ही विकसित मध्य प्रदेश की संभावना निहित है। उन्होंने कहा यह बजट भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव तैयार करता है।

दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष **जीतू पटवारी** ने इस बजट को गरीब, आम आदमी की अनदेखी वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी के तहत गेहूं का 2700 और





धान का 3100 रुपए समर्थन मूल्य देने के लिए कोई घोषणा नहीं हुई। मप्र ने भाजपा को पूरी 29 सीटें जीताकर दीं लेकिन बदले में केंद्र ने झुनझुना पकडा दिया है यह गरीबों की उपेक्षा वाला बजट है।

वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता **महेंद्र सिंह चौहान** ने कहा है कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन-कल्याण और आदिवासियों पर बजट में आवंटन से कम खर्च किया है क्योंकि ये भाजपा की प्राथमिकताएँ नहीं हैं। इसी तरह कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 1 लाख करोड़ कम खर्च किया है, तो फिर नौकरियाँ कहाँ से बढ़ेंगी? इधर उप मुख्यमंत्री **राजेंद्र शुक्ल** ने कहा कि बजट में गरीब, महिला, किसान और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं का ऐलान हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष **विष्णुदत्त शर्मा** ने केंद्र सरकार के नए बजट का स्वागत करते हुए कहा कि निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह देश, देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और समाज के हर वर्ग को ताकत देगा। बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प जताया है। वर्ष 2024-25 का केंद्रीय बजट हर वर्ग के लिए 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहीं शहरी मामलों के जानकार **मनोज मीक** कहते हैं कि राज्य के नागरिक के तौर पर मैं मानता हूं कि केंद्र सरकार का मध्यप्रदेश के साथ रवैया निराशाजनक है। पूर्व वित्त मंत्री और दमोह से भाजपा विधायक जयंत मलैया सवाल सुनकर चुप हो गए। उन्होंने कहा कि जब तक वे इसे पूरी तरह समझ नहीं लेंगे, तब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे।



## संपादकीय

# जवाब दूंढने की कोशिश वाला बजट

*केंद्र सरकार का कल पेश बजट कुछ बुनियादी सवालों का जबाव ढूंढने की कोशिश है। इनमें कुछ सवाल वे हैं जो समाज में लगातार तैरते रहे हैं और चुनाव के पहले से विपक्षी दल इसे धारदार बना रहे थे। दरअसल जिस दौर में वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में काफी उथल-पुथल और चिंताजनक हालात बने हुए हैं, उसमें यह बजट काफी गौरतलब बन गया है। सरकार ने एक तरह से सबका खयाल रखने का आश्वासन दिया है। बजट के कुछ अहम बिंदुओं को देखते हुए यह साफ लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं में अब शायद कुछ बदलाव साफ नजर आ रहा है। वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि शिक्षा और रोजगार के लिए बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यानी सरकार पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में चुनावी मुद्दा बने, लेकिन प्रकारांतर से उपेक्षित सवालों की सुध लेती दिखती है। देश में बेरोजगारी की चुनौतियों से जूझने के लिए तीन नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए दो हजार करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। औपचारिक क्षेत्र में पहली बार नौकरी हासिल करने वालों को सरकार उनके पहले महीने के वेतन पर अनुदान के रूप में पंद्रह हजार रुपए तक की अतिरिक्त राशि देगी। इसके अलावा, एक करोड़ युवाओं को पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में प्रशिक्षुता या इंटर्नशिप का मौका देने की बात की गई है, जिसके तहत युवाओं को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। जाहिर है, लंबे समय के बाद ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करने की कोशिश की गई है। आमतौर पर इस पर सबकी नजर रहती है कि बजट में मध्यवर्ग के लिए क्या कोई राहत है। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने नई कर व्यवस्था की दरों में जो बदलाव किया है, उससे लोगों के साढ़े सत्रह हजार रुपए तक बच सकते हैं और अब तीन लाख रुपए की आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा। अप्रत्यक्ष कर की दरों में बदलाव के बाद अब कैंसर की कुछ दवाएं व मोबाइल फोन,सोना-चांदी के दाम में कमी आने की संभावना है। मगर आमलोग जिस महंगाई से जूझ रहे हैं, उससे कितनी राहत मिलेगी, इस मसले पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किए गए नए प्रावधानों से मध्यवर्ग को लाभ मिल सकता है। कर ढांचे के नए स्वरूप से ऐसा लगता है कि सरकार की मंशा लोगों को पैसा बचाने के बजाय खर्च करने का विकल्प चुनने की ओर प्रवृत्त करने की है। अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के नियमों में हुए बदलाव का असर इस रूप में सामने आया कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार गिर गया। बजट के दूसरे दिन भी वह पूरी तरह उबरता नहीं दिखा। बजट में एक उम्मीद यह थी कि पिछले कुछ समय से रेल यात्रा के समूचे तंत्र को लेकर जितने बड़े पैमाने पर सवाल उठे थे, तो सरकार बजट में शायद इस पर ध्यान दे। मगर रेलवे क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं होना भी बहुत आश्चर्यजनक है।*

जिसे कोई बताने वाला नहीं होता, वह सब काम खुद ही सीख लेता हैज्सीखना पड़ता है।

– कमलेश्वर

## आज का इतिहास

- 1905 टाफ्ट-कत्सुरु गुप्त समझौता हुआ।
- 1933 विली पोस्ट, न्यूयॉर्क शहर के फ्लोयड बेनेट फील्डिन ब्रुकलिन में सात दिन, उन्नीस घंटे की उड़ान के बाद उतरने वाला, दुनिया भर में एकल उड़ान भरने वाला पहला पायलट बन गया।
- 1934 बैंक लुटेरा जॉन डिलिंगर (चित्र), जिसके कारनामे पूरे अमेरिका में हुए, शिकागो में जीवनी थियेटर के बाहर पुलिस की गोली से मारे गए।
- 1944 पोलिश सरकार के निर्वासन के विरोध में, नेशनल लिबरेशन की पोलिश समिति ने अपने घोषणापत्र को प्रकाशित किया, जिसमें विदेशी सुधारों, नाजी जर्मनी के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने का सिलसिला, उद्योग का राष्ट्रीयकरण, और पश्चिम में एक सभ्य सीमा शामिल थी।
- 1964 अफ्रीकी एकता संगठन की दूसरी बैठक आयोजित की गयी।
- 1975 स्टेनली फॉर्मन ने फोटो फायर एस्केप कॉम्प्लेक्शन लिया, जो स्पॉट न्यूज़ फ़ोटोग्राफ़ी के लिए पुलित्ज़र पुरस्कार और वर्ष का वर्डवर्ल्ड प्रेस फोटो शीर्षक था।
- 1991 अमेरिकी सीरियल किलर जेफरी डेमर को विस्कॉन्सिन के विल्वायूकी में गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने उसके बक्से में मानव अवशेषों की खोज की।
- 1992 कोलम्बियाई ड्रग लॉर्ड पाब्लो एस्कोबार अपनी आलीशान जेल से भाग गया और अगले 17 महीने रन पर बिताए।
- 1993 1993 की महान बाढ़ के दौरान (बाढ़ का चित्रण), केस्कस्किया, इलिनोइस, अमेरिका के पास, टूट गया, पूरे शहर को सेना के कोर ऑफ इंजीनियर्स द्वारा संचालित बजारों को खाली करने के लिए मजबूर कर दिया।

## निशाना

### ना कांपे जुबान !



- कृष्णेन्द्र राय

फायदे की खातिर ।
देते ग़लत बयान ।।
करके ऐसा उनकी ।
ना कांपे जुबान ।।
हैं जनता के सेवक ।
पर कैसा संदेश ?
उछल उछल कर खूब ।
दे रहे उपदेश ।।
है लगाम ज़रूरी ।
स्वाद भी चखाना ।।
आया कैसा काल ।
कब लेंगे हर्ज़ाना ।।
बार-बार ये इस तरह ।
क्यों रहे कुरेद ?
रहता दिल में काला ।
पहने पर सफ़ेद ।।

# हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर पाना होगा काबू तभी दे पाएंगी नया संदेश

■ महेंद्र वेद

बांग्लादेश एक बार फिर संकट के कगार से वापस लौट आया है, जिसमें न्यायालय के उस निर्णय से मदद मिली है, जिसमें 1971 में पाकिस्तान के साथ मुक्ति युद्ध में संघर्ष करने वाले लोगों के वंशजों के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं नौकरियों में आरक्षण कोटे में भारी कटौती की गई है। अदालत ने स्वतंत्रता सेनानियों के कोटे को 30 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है, जबकि नस्लीय अल्पसंख्यकों के दो फीसदी के कोटे को बरकरार रखा है और योग्यता आधारित चयन के लिए 93 फीसदी सीटें खुली रखी हैं।शीर्ष अदालत ने आरक्षण को पूरी तरह खत्म नहीं किया, बल्कि निचली अदालत के उस फैसले को रद्द किया है, जिससे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने शेख हसीना सरकार और आंदोलनकारी छात्रों, दोनों की प्रतिष्ठा बचाई है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हसीना सरकार, जो विरोध प्रदर्शन की गंभीरता का आकलन करने में पूरी तरह विफल रही, बाद के हालात से कैसे निपटती है। यह एक लंबी प्रक्रिया की केवल शुरुआत है, जबकि सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार और युवाओं में बेरोजगारी जैसे गहरे कारण अब भी बने हुए हैं।



हसीना के इस बयान ने भी आंदोलन को हवा दी कि अगर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं, तो क्या रजाकारों के लिए आरक्षण होना चाहिए। उनका यह बयान इस्लामवादियों के खिलाफ उनके राजनीतिक हमले का एक हिस्सा था, जो अंदर और बाहर से उन्हें चुनौती देते रहते हैं। 'रजाकार' उन समूहों को कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1971 में बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किया था। इसने आंदोलनकारियों को भड़का दिया, जो किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबद्धता से इन्कार करते हैं। लेकिन बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहास?है, जिन्हें कथित रूप से बाहर से बढ़ावा मिलता है, जो किसी भी विरोध प्रदर्शन को हथिया लेते हैं और मौजूदा प्रदर्शन इसका अपवाद नहीं है। आंदोलनकारी छात्र आरक्षण की इस व्यवस्था को भेदभावपूर्ण मानते हैं और योग्यता के आधार पर भर्ती की मांग करते हैं। आजादी के बाद से यह बांग्लादेश का सबसे खराब संकट है, जिसमें अनुमानतः 100 से 130 लोगों की मौतें हुई हैं ( आलोचकों का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक है)। आंदोलन कई हफ्तों तक चला। इस आंदोलन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य सामाजिक रूप से शक्तिशाली इस्लामी कट्टरपंथी समूहों की भूमिका देखी जा सकती है।

पंद्रह साल से अधिक समय से लगातार सत्ता में काबिज हसीना, दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला नेता हैं, जो वस्तुतः एकतरफा शासन करती हैं और उन पर तानाशाही के आरोप हैं। उन्हें बढ़ते मध्यम वर्ग से भी निपटना है, जो उनकी सरकार की आर्थिक प्रगति से मजबूत हुआ है, जो महत्वाकांक्षी है और नौकरी व बेहतर जीवन चाहता है। मुक्ति आंदोलन बांग्लादेशियों की भावनात्मक जीवन रेखा है, लेकिन आबादी के एक बड़े वर्ग ने उसमें भाग नहीं लिया था। इसी वर्ग की तीसरी पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनकी तीसरी-चौथी पीढ़ियों को मिलने वाले आरक्षण को गैर-जरूरी मानती है, और अपनी कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार दिए जाने से नाराज है। 17 करोड़ की आबादी वाले इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आंदोलन कोई नई बात नहीं है, पिछले हफ्ते के प्रदर्शन जितने तीव्र थे, वैसे आज तक नहीं देखे गए। हालांकि 2009 में शेख हसीना के सत्ता में लौटने के बाद से बांग्लादेश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन अन्य विकासशील देशों की तरह इसने पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के कारण मंदी से जूझ रहा था, जब यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। एक अनुमान के मुताबिक, 1.8 करोड़ बांग्लादेशी युवा रोजगार की तलाश में हैं।

कम पढ़े-लिखे की तुलना में उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। यह संकट मुल्क में सामाजिक बदलाव की स्थिति को भी दर्शाता है। पिछले आंदोलनों का नेतृत्व सरकारी विश्वविद्यालयों ने किया था, लेकिन इस बार निजी विश्वविद्यालयों की भागीदारी भी बराबर रही, जहां धनी परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। इस संकट ने बांग्लादेश के पड़ोसी देशों को भी चिंतित किया। वास्तव में यह आंदोलन तभी पनपने लगा था, जब हाल ही में हसीना ने दो बार भारत का दौरा किया। हसीना सरकार के प्रति दोस्ताना रवैया रखने वाले भारत ने इसे बांग्लादेश का अंदरूनी मामला बताया है, जबकि बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करने वाले भारत के पूर्वोत्तर राज्यों ने नेपाली, भूटानी एवं अन्य राष्ट्रों के छात्रों को वहां से निकलने में मदद की। 4,300 किलोमीटर की सीमा के दोनों ओर 600 से ज्यादा ट्रक फंसे हुए हैं, जिससे व्यापार और मानव आवाजाही प्रभावित हो रही है। विधायिका एवं कार्यपालिका पर काफी पकड़ रखते हुए भी हसीना मदद के लिए न्यायपालिका पर निर्भर थीं। उनकी सबसे बड़ी चुनौती हर स्तर पर फैला भ्रष्टाचार है, जिसके कारण देश ही नहीं, विदेश में भी उनकी आलोचना होती है। आलोचकों का कहना है कि बांग्लादेश के जन्म के साथ ही जिस तरह से शासन चलाया जाता रहा है, उसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसका फायदा सत्ता केंद्र के आसपास के लोग तो उठाते ही हैं, प्रशासन एवं बढ़ते व्यवसायी वर्ग भी उठाते हैं।

पिछले हफ्ते हसीना ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं और यह बहुत पुरानी समस्या है। उन्होंने अपने एक घरेलू सहायक (चपरासी) के खिलाफ कार्रवाई की, क्योंकि उसने कथित तौर पर 3.4 करोड़ डॉलर जमा कर लिए थे। बांग्लादेशी मीडिया का कहना है कि इतनी धनराशि केवल सरकारी ठेकों के लिए पैरवी, भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी से ही जमा की गई होगी। सत्ता में उनका लंबे समय तक बने रहना आकांक्षाओं और गुस्से, दोनों को जन्म देता है। यह संकट हसीना के लिए चेतावनी है कि अगर वह देश को मध्यम आय वाला राष्ट्र बनाना, इसे बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथियों से सुरक्षित रखना और अपने पिता व बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को पूरा करना चाहती हैं, तो उन्हें कई मुद्दों से निपटना होगा।

– साभार

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी प्राकृतिक खेती



■ देविंदर शर्मा

इस सप्ताह में दो घटनाक्रम सामने आये जिनके बारे में मुझे लगता है कि हमें मूल्यांकन करने की जरूरत है। यदि हम कड़ी जोड़ सकें, तो एक वाकया उस आपदा का संकेत देता है जिसका इंतजार है, और दूसरा दुनिया जिस बड़े संकट का सामना कर रही है, उससे निपटने के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है, जिसके आने वाले वर्षों में और भी बदतर होने की संभावना है।जबकि मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रमुख गेहूं उत्पादक यूरोपीय देश फ्रांस में भारी और लगातार बारिश के कारण फसल को बड़ा नुकसान हुआ है, नीदरलैंड के एक पत्रकार ने मुझे लिखा है कि क्या मौसम में स्पष्ट परिवर्तन किसानों के लिए आर्थिक आपदा बनने जा रहा है। उसकी चिंता हॉलैंड में, जो कुछ वह देखती है, उससे पैदा होती है, जहां बारिश रुकी नहीं है, खेत पानी से लबालब हैं, परिणामस्वरूप खेतों में लगाई आलू की फसल सड़ रही है और सब्जियों के बीज उग नहीं रहे हैं।

इस बीच भारत अभूतपूर्व गर्मी की चपेट में है। जैसे-जैसे सामान्य तापमान बढ़ता जा रहा है, आशंकाएं हैं कि क्या देश आने वाले वर्षों में अपनी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा? कुछ वर्ष पहले गेहूं की कटाई के दौरान गर्मी ने कहर ढहाया था। उसके एक साल बाद, मानसून के मौसम में भी लगभग एक महीने तक बारिश नहीं हुई, धान की खड़ी फसल पर असर पड़ा। यह जानते हुए कि जलवायु परिवर्तन भविष्य में खेल बिगाड़ सकता है, सरकार अति-जागरूक हो रही है, उसने कदम उठाए हैं। इनमें गेहूं और गैर-बासमती निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना यकीनी बनाने के लिए विभिन्न कृषि वस्तुओं पर स्टॉक सीमा भी लागू करना शामिल है। जैसा कि डच पत्रकार कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन विश्वव्यापी घटना बनने जा रही है जिसके कृषि पर बेहद बड़े प्रभाव होंगे। जबकि उद्योग इसे अपनी क्लाइमेट स्मार्ट प्रौद्योगिकी बेचने के लिए उपयुक्त अवसर के रूप में देखते हैं, जिसकी वे बीते कई साल से मार्केटिंग कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया ने जलवायु के असर झेलने में समर्थ कृषि के लिए दृष्टिकोण, नीतियों और रणनीतियों पर विचार किया है।मानवता के लिए गुलबेंकियन प्रतिष्ठित पुरस्कार इस बार दो अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्राप्तकर्ताओं के साथ ही आंध्र प्रदेश समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती यानी एपीसीएमएनएफ को प्रदान किया गया है। दरअसल, यह पुरस्कार उन जलवायु कार्यों और जलवायु समाधानों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है जो उम्मीद और संभावनाओं को प्रेरित करते हैं। पुरस्कार के तहत 1 मिलियन यूरो नकद प्रदान किये जाते हैं। बीते दिनों, रायथु साधिकार संस्था (आरवाईएसएस) के कार्यकारी उपाध्यक्ष विजय कुमार ने यह पुरस्कार पुर्तगाल के लिस्बन में एक शानदार समारोह में पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल के हाथों प्राप्त किया। एपीसीएनएफ को दुनिया भर से प्राप्त 181 नामांकनों में से चुना गया था। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि उत्तरी अमेरिका में मैक्सिको से लेकर एशिया में फिलींपींस तक, और अमेरिका के टेक्सास से लेकर भारत में महाराष्ट्र तक- दुनिया के विभिन्न भागों में कृषि कड़े जलवायु प्रभावों से दो-चार है। विगत में भी, कुछ भागों में अतिवृष्टि, बाढ़, भयंकर तूफानों व चक्रवातों की बढ़ती तादाद से कृषि को नुकसान पहुंचता रहा है तो विभिन्न अन्य क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा और भीषण अकाल जैसी स्थितियां रही हैं। कहने की जरूरत नहीं कि जलवायु प्रेरित मौसम के मिजाज का खेती पर संचयी हानिकारक प्रभाव पड़ा है। जबकि किसान जलवायु का प्रकोप सहन करता है, वहीं नीति नियंता इसको नहीं मानते या इन विनाशकारी प्रभावों को कभी-कभार की घटनाओं के रूप में लेते हैं। यह ऐसा लगता है, जैसे दीर्घकाल तक चिंता करने की कोई बात ही नहीं हो।जबकि सतत कृषि के बारे में बातें की जाती रही, कृषि-पारिस्थितिकीय खेती प्रणालियों पर पिछले कुछ सालों में ध्यान गया है। यहां लगता है कि आंध्र प्रदेश में प्रोत्साहित की गयी समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती प्रणालियां विश्व में कृषि-पारिस्थितिकी की सबसे बड़ी प्रयोगशाला के रूप में सामने आयी है और परिणामस्वरूप सामने मौजूद बेहद हानिकारक जलवायु संकट का स्थाई समाधान प्रदान करती है। ऐसा भी महसूस होता है कि जलवायु संकट का यह जो कृषि-पारिस्थितिकीय समाधान प्रदान करती है वह उम्मीद और संकल्पों से भरपूर है। यह सही वक्त है कि क्षेत्र-विशेष की अनुकूलताओं को ध्यान में रखकर, आंध्र प्रदेश का यह मॉडल पूरे देश में लागू किया जाये। जैसा कि यह लेखक प्राय- कहते हैं कि जो 8 लाख किसान पूरी तरह से रासायनिक कृषि से प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की ओर रुख कर चुके हैं या करने की प्रक्रिया में हैं, वे कड़ी चुनौतियों से दो-चार होते हैं, जिन्हें प्रति वर्ष आने वाली खरीफ और रबी सीज़न की रिपोर्टों में उजागर किया जा चुका है। जब हरित क्रांति आयी, तो सघन कृषि पद्धतियों को अंजाम देने के लिए एक सुनियोजित और तय इको सिस्टम था। इसमें विश्वविद्यालयों, विशेष रिसर्च संस्थानों, कृषि विस्तार नेटवर्क, और कृषि ऋष्टा तंत्र की स्थापना करने के साथ ही यथोचित विपणन अवसर पैदा करना शामिल था। जब भी जरूरी हुआ तो सब्सिडी व निवेश का प्रवाह भी रहा। इससे भी ज्यादा मदद के रूप में, बीज विकास संरचना का सृजन और उर्वरक संयंत्र और कीटनाशक कारखानों की स्थापना करना शामिल रहा।प्राकृतिक कृषि के मामले में, हरित क्रांति को मदद देने के लिए जो विशाल सहायक प्रणाली निर्धारित की गई थी, उसका एक अंश भी प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि जलवायु मसले के समाधान करने को लेकर प्राकृतिक खेती ने अपनी भूमिका और क्षमता स्पष्ट तौर पर दर्शायी है। आने वाले समय के मुताबिक इसे इसकी उचित मान्यता दी जानी बाकी है। इसी प्रकार, दूसरे उन विभिन्न एग्रो-इकोलोजिकल दृष्टिकोणों को भी यथोचित मान्यता प्रदान की जानी जरूरी है जिनका प्रदर्शन देश के अलग-अलग इलाकों में प्रगतिशील किसान कर रहे हैं। सामूहिक तौर पर, माना जा सकता है कि अब वक्त आ गया है कि नीतिगत आयोजन में नॉन-कैमिकल दृष्टिकोणों को सर्वाधिक प्राथमिकता प्रदान की जाये। पहली और सबसे महत्वपूर्ण कोशिश नौकरशाहों, न्यायाधीशों और कुलपतियों के लिए समय-समय पर ओरिएंटेशन आयोजित करने को एक तंत्र विकसित करने की होनी चाहिए। समाधान इसी में निहित है। इस मामले में महत्वपूर्ण उन लोगों की सोच को बदलना इतना आसान नहीं है जो उस माहौल में बड़े हुए हैं जहां कृषि रासायनिक साधनों के प्रयोग पर आधारित है। नये ढंग की कृषि की ओर उनका रुझान करने लिए जरूरत है एक निरंतर शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम की जो छोटी अवधि के कोर्सेज में विभाजित हो, जो खेती को भविष्य के लिये तैयार करे।संक्षेप में, सघन खेती पद्धतियों के बजाय कृषिङ्कपारिस्थितिकीय दृष्टिकोण की ओर रुख करने से ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कृषि द्वारा निभाई जा रही भूमिका कम हो जायेगी, जो जलवायु विघटन की दिशा में ले जायेगी। साथ ही इससे कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए शामक रणनीतियां बनायी जा सकेंगी। इसके साथ ही, तीसरा लाभ है यह लोगों के लिए स्वस्थ भोजन मुहैया कराएगी।

– लेखक कृषि एवं खाद्य विशेषज्ञ हैं।

### 1 साल पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत के लिए ली थी फूल माला

# नपा नहीं कर रही है भुगतान, इच्छा मृत्यु के लिए लगाई गुहार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा नगर पालिका आए दिन अखबारों की सुर्खियों में रहती है यही नहीं आज नगर की अवस्थाओं को लेकर भी नगर की जनता की जो पीड़ा मन में छुपी हुई है वह एक ने एक दिन सामने आने का इंतजार नगर पालिका कर रही है। वही आमजन भी परेशानीओ का सामना कर रहे हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पिछले वर्ष 2023 में जुलाई माह में स्थानीय मंडी प्रांगण में आगमन के दौरान ही फूल माला की दुकान से नगरपालिका ने उधारी में फूल माला एक गरीब व्यक्ति से ली थी, लेकिन इन फूलमालाओं का आज तक भुगतान नगर पालिका द्वारा नहीं किया गया इसी बात की शिकायत अब इस लाचार व्यक्ति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नम का ज्ञापन सिवनी मालवा एसडीएम को जनसुनवाई में आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मैं राकेश वाथव वार्ड नंबर 14 सिवनी मालवा का निवासी हूं तथा फूल माला बेचकर अपनी रोजी रोटी चलाता हूं। मेरे पास स्वंय की कोई दुकान नही है मै फुटपाथ पर ठेला लगाकर फूल


इस कार्यक्रम में किया था उधारी के फूलों से मामा जी का स्वागत।

एवं फूलमाला बेचता हूं। दिनांक 27/07/2023 को लाडली वहना सम्मेलन में म0प्र0 के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिवनी मालवा पधारे थे तब कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में मुझे मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा आदेश देकर नगर के विभिन्न स्थानों पर उनके स्वागत हेतु माला एवं 02 क्विंटल गुलाब के फूल तथा 02 क्विंटल गेंदा के फूल नगरपालिका के कर्मचारी स्टोर इंचार्ज चौहान को दिये थे जिसका बिल भी मेरे द्वारा तुरंत बनाकर कार्यालय में जमा करा दिया गया था। विगत 01 वर्ष से मेरे द्वारा 50 बार भुगतान हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी से निवेदन किया गया परन्तु उनके द्वारा आज दिनांक तक मेरा भुगतान नही किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कई बार भुगतान करने हेतु कहा गया परन्तु उनके द्वारा मेरा भुगतान नहीं किया गया साथ ही मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय को भी अवगत कराया गया ।

मैं अत्यधिक छोटा एवं गरीब आदमी हूं मेरे द्वारा दुकान से उधारी से कर्ज लेकर उपरोक्त फूल माला बुलाकर दी थी जिसका भुगतान नही होने से संबंधितों द्वारा मुझे निरंतर परेशान कर भुगतान मांगा जा रहा है। मेरे द्वारा कार्यालय में पत्ता करने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अन्य प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है साथ ही कई प्रकार की खरीदी भी रोजाना उनके द्वारा की जाती है। अभी 8/07/2024 को मुख्य नगरपालिका अधिकरी द्वारा मेरा भुगतान करने से स्पष्ट मना कर दिया गया अब मेरे पास दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा है।अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि मुझे इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें और इससे होने वाले नुकसान हेतु सम्पूर्ण जबाबदारी तय कर मेरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी शासन स्तर से कराने की कृपा करें। इस शिकायत की प्रतिलिपि कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री मुख्य सचिव आयुक्त नगरीय प्रशासन, कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग, कलेक्टर जिला नर्मदापुरम, पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, सांसद नर्मदापुरम, विधायक सिवनी मालवा, नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी मालवा को भेजी गई है।

**इनका कहना है**

कल जो जनसुनवाई में आवेदन आया है वह फूल माला के भुगतान के संबंध में है मेरे द्वारा फूल माला का आर्डर नहीं दिया गया है। उनका भुगतान 70 हजार से ऊपर का है अगर 10 हजार से ज्यादा का भुगतान होता है तो निकाय वर्क ऑर्डर देता है जो उनके पास नहीं है।



**शीतल भल्लाभी,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सिवनी मालवा

पूर्व मुख्यमंत्री मामा जी के स्वागत के लिए मैंने पांच कुंटल फूल बाहर से बुलाकर माला बनाकर स्वागत के लिए दी थी जिसका मुझे20 हजार का भुगतान भी किया गया था अब लगभग 77 हजार रूपए नगर पालिका से लेना बाकी है जिसके लिए मैं बार-बार नगर पालिका के चक्कर लगा रहा हूं। मेरे द्वारा भी बाहर से फूल उधारी में बुलाए गए थे।



**राकेश वाथव,** फूल माला विक्रेता, सिवनी मालवा

### 85 आवेदनों पर की जनसुनवाई

# शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निराकरण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासन के निर्देश पर आम जनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियों को दिए। इसके साथ नर्मदापुरम जिले की विभिन्न तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 26, डोलरिया में 03, माखन नगर में 02 और बनखेडी में 05 आवेदन प्राप्त हुए और प्राप्त आवदेनों का निराकरण किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में तहसील इटारसी के ग्राम लोहारियाकलॉ की पार्वती बाई ने कच्चे मकान में पानी घूसने से रहने की व्यवस्था व सहायता हेतु आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंची। इसी तरह से तहसील इटारसी के ग्राम सोनासांवरी निवासी हरिशंकर ने अवैध कब्जा एवं गलत सीमांकन करने के संबंध में आवेदन दिया। नर्मदापुरम के पटवारी कॉलोनी वार्ड नं. 12 के रहवासियों ने पटवारी कॉलोनी पहली लाईन में बिजली के खंबे ना होने से आ रही गंभीर समस्या को लेकर, बिजली के खंबे लगवाने के लिए जनसुनवाई में आवदेन दिया। इसी तरह से नर्मदापुरम के वार्ड नं. 33 की रहने वाली तुलसाबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। नर्मदापुरम के रसूलिया निवासी सविता विश्वकर्मा ने आधार कार्ड में जन्म तिथि सुधरवाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसी तरह से नर्मदापुरम की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत अफरीन और केसर ने अपने गीता समूह को मध्यान्ह भोजन कार्य करने की अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया। जनसुनवाई में नर्मदापुरम के व्यापारी संघ ने भारी बारिश के कारण बाजार क्षेत्र के प्रतिष्ठानों एवं रामलीला मैदान के निर्माणाधीन स्टेडियम के कारण बाजार में सडक से 3 फीट ऊंची दुकानों में प्रथम बार पानी भर जाने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ, जिसका सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिए जाने के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन दिया।

# कुबरेश्वर धाम में सुंदरकांड पाठ कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश: पं. प्रदीप मिश्रा



**नर्मदापुरम।** गुरूपूर्णिमा के अवसर पर सीहोर जिले में स्थित कुबरेश्वर शिव धाम में मां के बेटे जागरण समिति के कलाकारों ने मंच से अपनी प्रस्तुति दी। गुरूपूर्णिमा पर विशेष रूप से यहां श्री रामचरित मानस एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था। मां के बेटे जागरण समिति के संचालक आलोक शुक्ला एवं साथी कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय कथाकार पं. प्रदीप मिश्रा के मंच से हजारों श्रद्धालुओं को धार्मिक भजन एवं सुंदरकांड का श्रवण कराया। इस अवसर पर शुक्ला ने पं. मिश्रा को पौधे भेंट कर मंच से ही हर श्रद्धालु को संकल्प दिलाया कि वे वर्षा काल में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा अवश्य लगाएंगे। कुबरेश्वर धाम में आयोजित समारोह में पं. मिश्रा ने कहा कि दिव्यांग भजन गायक आलोक शुक्ला उस दौर से कार्यक्रम कर रहे हैं, जब क्षेत्र में देवी जागरण को पहचान नहीं मिली थी, इसके बाद उन्होंने अपनी टीम बनाकर मप्र ही नहीं देश के कई राज्यों में धार्मिक अलख जगाने का काम किया है।

उनके प्रयासों की हम सराहना करते हैं, साथ ही सभी लोगों से अपील की है कि भगवान शिव के नाम पर ही एक पौधा अपने आसपास अवश्य रोपण करें। शुक्ला के साथ मां के बेटे जागरण समिति की गायिका वीणा राजपूत, महेन्द्र कनक, अनिरूद्ध सोनी, अनुज मालवीय, प्रीत वर्मा, दीपक कतिया, कुणाल पटैल, सुमित शुक्ला समेत अन्य गायक शामिल रहे।

## खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने ग्वालियर रवाना हुए खिलाड़ी



**नर्मदापुरम।** आयुध नगर ग्वालियर में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित होने वाली संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध नगर से बैडमिंटन में प्रत्यक्ष निगम 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद कबीर खान प्रतिका तोमर 200 मीटर दौड़ में समीक्षा मालवीय का चयन हुआ है. खिलाड़ियों का दल खेल शिक्षिका प्रीति यादव अंशुमान तिवारी प्राची दीक्षित के नेतृत्व में इटारसी से ग्वालियर के लिए रवाना हुआ। आयुष निर्वाणी के महा प्रबंधक एके अग्रवाल विद्यालय के प्राचार्य मनीष तुली मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब नर्मदापुरम के अध्यक्ष बशारत खान आयुध निर्माणी खेल संघ के सचिव राजेश रघुवंशी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए विजेता बनने की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वेयर हाउस के सामने लगी है ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतार

# मूंग खरीदी में आ रही समस्या को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान यूनियन ने किसानों को मूंग उपार्जन में आ रही समस्याओं को लेकर भरलाय वेयरहाउस के सामने हरदा होशंगाबाद मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।किसानो ने बताया की दो दिन से किसान अपने वाहनो में अपनी उपज को लेकर बिक्री के इंतजार में खड़े है। लेकिन किसानों की मूंग नहीं तुलने के कारण के लंबी कतार सभी वेयरहाउस के सामने देखी जा सकती है। चक्का जाम के बाद भारी पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार नितिन राय ने भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे से चर्चा की उन्होंने बताया की किसानों की मांग है की जब तक सभी किसानों का मूंग बिक्री न हो सरकार मूंग उपार्जन जारी रखें, वेयरहाउस पर बारदानो की कमी होने के कारण उपार्जन बंद कर रखा है जिससे स्लाट बुकिंग के उपरांत बिक्री की अंतिम तारीख निकल रही है भुगतान पत्रक नहीं बन पाऐगा,नायब तहसीलदार ने बारदानो की व्यवस्था कराकर तुरंत खरीदी करने के निर्देश समिति प्रबंधक एवं सर्वेयर को दिये किसानों को आ रही समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। श्री पटवाने ने बताया की सभी उपार्जन केन्द्र पर खरीदी अवस्थाओं के कारण बंद है प्रशासन शीघ्र ही उपार्जन प्रारंभ कराए।





**मेट्रो एंकर**

### सीएमओ को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश

# अधिकारी आम जनता के साथ सद्व्यवहार रखें: संभागायुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यालय आने वाले हितग्राहियों एवं आम जनता के साथ सद व्यवहार करें। आम जनता के साथ मधुर व्यवहार रखें। समय पर कार्यालय आए और आम जनता के कार्य पूरी निष्ठा एवं तत्परता से करें। संभागायुक्त ने राजस्व महाअभियान 2,0 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी अधिकारी राजस्व महा अभियान के कार्य में कलेक्टर का आवश्यक सहयोग करें और अपने अधीनस्थ अमले को भी सहयोग करने के निर्देश जारी करें। उन्होंने बताया कि राजस्व महा अभियान के तहत खसरे में आधार एवं समग्र आईडी की एंट्री भी की जाएगी।

संभागायुक्त ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नर्मदा पुरम संभाग के बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में किये जा रहे वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी फोटो वायु दूत ऐप में अनिवार्य रूप से अपलोड करें। तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में बिना कारण बताएं बैठक से अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश देहलवार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि आरबीसी 6-4 में राहत राशि देने का प्रावधान है। यदि किसी का घर गिर गया है या व्यक्ति बाढ़ से प्रभावित है या उसकी फसल को क्षति हुई है, पशुधन हानि हुई है, जनहानि हुई है तो आरबीसी 6--4 में राहत राशि देने का प्रावधान है ।

संभागायुक्त ने जिले में वर्षा की स्थिति का आकलन करते हुए संभागीय होमगार्ड को निर्देश दिए कि वह जल भराव वाले क्षेत्र में पानी की निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखें। बताया गया कि नारायण नगर और सेमेटेरिन्स स्कूल के पास के नाले में अतिवृष्टि से जल भराव हो गया था, जिससे बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की वर्षा काल में भी आम जनता को शुद्ध पेयजल प्राथमिकता से उपलब्ध हो, उन्होंने खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता एवं स्टाक रखने के निर्देश दिए । जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्कूल बसों की लगातार चेकिंग करें और कंडम एवं खराब बसो के फिटनेस लाइसेंस निरस्त कर चालानी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अब तक स्कूली बसों की चेकिंग की धीमी रफ्तार पर सख्त नाराज व्यक्त की और स्कूल बसों की चेकिंग में गति लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त तिवारी ने कहा कि हर बार समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण रखे जाएंगे और उनका प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने जिले में सक्रिय सुदखोरो पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिए को दिए।

# जन्म प्रमाण-पत्र बनवाना हुआ सहज एवं अनिवार्य

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो।**

जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा 11 अगस्त 2023 से प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा जो की बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण पत्र अब जन्म स्थान तथा जन्म तारीख का एकमात्र वैधानिक दस्तावेज होगा।

इस संशोधित अधिनियम के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा म.प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन मे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु नवीन पोर्टल विकसित किया गया है जिसके द्वारा आम जन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अपने ई-मेल पर प्राप्त कर सकेंगे। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली और बहुतं सहज है जिस पर आवेदक द्वारा दिया गया डाटा पोर्टल पर सुरक्षित भी रहेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम रजिस्ट्रार ( जन्म मृत्यु ) हेमंत सूत्रकार द्वारा जनपद पंचायत नर्मदापुरम की सभी ग्राम पंचायत के सव-रजिस्ट्रार के लिये विस्तृत प्रशिक्षण मंगलवार 23 जुलाई को जिला पंचातय सभाकक्ष नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सपना जैन, अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी नर्मदापुरम तथा जनगणना कार्य निदेशालय से गुन्वन्त धामले ( निदेशक ) एवं जनपद पंचातय नर्मदापुरम से श्वेता, राव उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 तथा नवीन विकसित सी.आर.एस. पोर्टल पर विस्तृत जानकारी सभी रजिस्ट्रार ने प्राप्त की और सभी प्रश्नों का समाधान भी किया गया साथ ही मृत्यु के कारणो का प्रमाण पत्र की अनिवार्यता पर भी चर्चा की गई।

# नपा सहित सात को तालाब की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर जारी किया नोटिस




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका प्रशासन के द्वारा हमेशा तालाब के गहरीकरण से लेकर विकास के नाम पर बड़े स्तर पर गोलमाल किया गया है तालाब की जमीन को 6 दुकानदारों को बेचने का काम भी नियम विरुद्ध किया गया है। पहली बार गहरीकरण का कार्य भी बगैर पैसों में हुआ है। विधायक के निर्देशन में एसडीएम हर्षल चौधरी ने सीमांकन कराकर तालाब की जमीन को अतिक्रमण धारियों से मुक्त करने की कार्रवाई करते हुए सात को नोटिस जारी इसमें नगर पालिका भी शामिल है इसके द्वारा भी तालाब की जमीन पर दुकानों से लेकर काफी क्षेत्र में अतिक्रमण कर रखा है। एसडीएम के द्वारा कुछ दिन पहले ही सीमांकन करवाया था वहीं हमारे संवाददाता की खबर और विधायक के निर्देश तथा अशोक जैन खर्च के संघर्ष के बाद प्रशासन तथा पहले एसडीएम है जिन्होंने सीमांकन करने की हिम्मत दिखाकर आगे कार्रवाई प्रारंभ की नहीं तो शिकायतों के बाद भी एसडीएम इस तरह का कदम नहीं उठा पाए है। 32 बीघा तालाब वर्तमान में आधा भी नहीं बचा है जिन जिन के कब्जे में जमीन है उनसे खाली करवाने के लिए 8 दिन का समय प्रशासन के द्वारा दिया गया है नहीं हटाया गया तो एक पक्षी है कार्रवाई प्रशासन करेगा। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि तालाब की जमीन पर नगर पालिका के द्वारा भी अवैध रूप से निर्माण किया गया है उसको भी नोटिस जारी किया गया इसके अलावा कुछ हिसाब कब्रिस्तान में निकल रहा है इनको भी कुल 7 पक्षकारों को नोटिस जारी करके 8 दिन का समय दिया है कि स्वयं अतिक्रमण हटाकर तालाब की भूमि को छोड़ दें नहीं तो प्रशासन के द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई करेगा । अब देखना है कि प्रशासन तालाब की भूमि को अतिक्रमण धारी से मुक्त कर पाएगा या नहीं ।

### इनका कहना है -

*सात पक्षकारों को तालाब की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने पर धारा 248 के तहत नोटिस जारी करके 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद नियम अनुसार आगे कार्रवाई करेंगे ।*

*हर्षल चौधरी एसडीएम ।*

# विधायक शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार

**नगर परिषद सीएमओ ओर इंजीनियर की लगी क्लास**

**जनसुनवाई में महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक सोती नजर आईं**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा कल 22 जुलाई को जन समस्या निवारण शिविर लटेरी पहुंचे, जहां सिरोंज लटेरी के लगभग हजार लोगों से 200 से अधिक शिकायती आवेदन मिले, जिनमें सबसे ज्यादा आवेदन वन विभाग की लापरवाही के प्राप्त हुए ,,तो वहीं अनेकों शिकायतें राजस्व की मिली ,जिसमे श्री शर्मा ने एसडीएम श्रीमती अनुभा जैन ओर तहसील दार श्री जे पी सौर को सख्त एक्शन लेने हेतु निर्देशित किया, क्योंकि अनेकों ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायतें बराबर सुनने मे आ रही है, ओर लटेरी के कीमती वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण इनकी हकाई बुआई, ओर वन अधिकारियों के भ्रष्टाचार और अतिक्रमण की खबरें ओडियो भी चौनलों पर प्रकाशित की गई हैं, जिनको लेकर वन विभाग उत्तर एवं दक्षिण की ओर से कोई भी संतोष जनक कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है ,,जबकि ग्रामीणों के आज के कारक्रम में भी अनेकों शिकायती आवेदन जंगलों की कटाई और अवैध कब्जा को लेकर आए थे, जिसमें विधायक श्री शर्मा ने कहा की दोनों ही रेंज के रेंजर और विदिशा डीएफओ महोदय द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, की अतिक्रमण कारियों के अवैध मकान और अवैध फसलों को अभी तक भी नष्ट नहीं किया गया है,, जबकि अतिक्रमण के बढ़ते घटना क्रम को देख लोगों की बात पर अतिक्रमण के ,विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाही के लिए भी अखबारों में छापा गया है ,,लेकिन विभाग अभी तक मोन है , अवैध अतिक्रमणों और जंगलों पर कब्जे की लड़ाइयों में कई लोग सिरोंज और लटेरी तहसीलों में अपनी जान गवा चुके हैं, पर अब यदि लटेरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई लड़ाई झगड़ा वन भूमि को लेकर सांप्रदायिक तनाव या हत्या होती है तो उसके लिए यही अधिकारी जिम्मेदार होंगे।





जबकि जनपद या वन भूमि राजस्व स्तर में आने वाली कई समस्याओं का निराकरण एसडीएम अनुभा जैन को क्षेत्र में घूम कर हल करना चाहिए, इनकी किसी भी प्रकार लापरवाही लटेरी तहसील के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है तो वहीं रेंज अधिकारियों के इस कार्यक्रम में सम्मिलित न होने और वन निगम के अधिकारियों के भी नदारद रहने से विधायक भड़के , तो।एसडीएम ने वन विकास निगम की आज की ग्यारसपुर में अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही का हवाला दे दिया ,,तो उन्होंने कहा कि सब की शिकायत कलेक्टर महोदय से करूंगा जिसके बाद। एसडीएम अनुभा जैन को एक दल बनाकर सभी की निगरानी रखने की भी हिदायत दी गई।

इन्ही के साथ विधायक श्री शर्मा ने नगर परिषद लटेरी में हो रहे विकास कार्यों में नगर परिषद के ही सीएमओ श्री रणवीर सिंह राजपूत और इंजीनियर श्री मिथिलेश कुमार दीक्षित की लापरवाही और मनमानी के चलते बस स्टैंड निर्माण सब्जी मंडी निर्माण में पर सवाल खड़े किए,,,यहां बस स्टैंड निर्माण में लगभग एक वर्ष में आज तक भी पूर्ण नहीं हो सका है ,,और यहां काम बंद आपको बता दें की इंजिनियर यहां ठेकेदार को ठेके पर काम देकर निर्माण करा रहे हैं,ओर उक्त ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार पूर्वक दुकानों की छत के राउंड में और कालमो में चार चार छड़ें ही डाली गई है, इसी कारण अन्य ठेकेदार को पेटी पर देकर काम कराया गया है,ताकि गुणवत्ता खराब होने पर पहले दूसरे या तीसरे ठेकेदार और उनके कर्मचारी पर बात टाल कर मामले दबाए जा सकें।

जबकि ठेकेदार के अनुसार पेमेंट नहीं होने से काम बंद किया गया है। जबकि वहीं बस स्टैंड तक पहुंचने वाला सड़क मार्ग भी विधायक जी के बार बार बोलने पर भी दो वर्ष में निर्मित नहीं हो सका ! जिसको लेकर विधायक श्री उमकांत शर्मा ने इंजिनियर श्री मिथिलेश दीक्षित की जमकर क्लास लगाई तो वहीं सीएमओ श्री रणवीर राजपूत की भी जमकर खिंचाई की,, ईनसे नगर परिषद के विकास कार्यों के विषय में पूछा गया तो नगर परिषद के विकास के बारे में उनको कुछ भी पता नहीं था,, बिजली के खंभों के बारे में पूछा की कितने खंभे लगे हैं। ,तो सीएमओ विधायक जी को आंकड़े लगभग में बताते रहे ,, और कई मामलों के आंकड़े तो उनके पास तैयार तक नहीं थे,ना उन्हे ये पता था की किस काम में कितना खर्च हुआ है ?

ना ही विधवा पेंशन के सही आंकड़े उनको मालूम थे,,ँयय इसीलिए शायद बस स्टैंड निर्माण घाटियां निर्माण हो गया और जिम्मेदारों ने जाकर चेक तक नही किया ! तो वही आपको ये भी बता दें की जहां सभी विभागों की जनसुनवाई चल रही थी, और विधायक के साथ अनेकों विभागों के कर्मचारी अधिकारी स्टाल लगाकर मौजूद थे।

महिला बाल विकास की मुरवास पर्यवेक्षक सोती हुई नजर आई - महिला बाल विकास की मुरवास पर्यवेक्षक सोती श्रीमती रचना कलावत लापरवाही पूर्ण तरीके से अपनी टेबल पर सोती हुई नजर आई।

**शिक्षक काट रहे है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर**

# स्कूल शिक्षा के आदेश हो चुके है अक्टूबर 2023 में, अभी तक जारी नहीं किए क्रमोन्नति के आदेश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नवीन शिक्षक संवर्ग ( अध्यापक संवर्ग ) की 12/24 वर्ष के उपरांत होने वाली क्रमोन्नति में देरी से शिक्षक संवर्ग के शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी के पास अपनी समस्या लेकर पहुंच चुके है, परन्तु आज दिनांक तक विदिशा जिले के क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं हुये है ज्ञात हो की प्रदेश के कई जिलों में क्रमोन्नति की प्रक्रिया हो चुकी है लेकिन विदिशा जिले में आदेश निकलने में देरी क्यूँ हो रही है। जबकि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का आदेश क्रमांक 3606/2020/20-1/1732 भोपाल दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी हो चूका है। प्राथमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षकों को 12/24 वर्ष नियमित सेवा पूर्ण हो चुकी है उन्हें प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान और जिन प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 12/24 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके है उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान स्वीकृत करने के आदेश जारी किये जाए, लेकिन विदिशा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के काम की रफ्तार इतनी धीमी है के 10 माह गुजरने के बाद भी आज दिनांक तक आदेश जारी नहीं किये जा सके है 12.07.24 को हमारे संवाददाता द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से बात की गई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया की 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चूका है एक दो दिन में लिस्ट जारी करने की कोशिश की जा रही है ललेकिन आदेश अभी भी जारी नहीं हुए है शिक्षकों का कहना है की 12/24 वर्ष के उपरांत होने वाली क्रमोन्नति, नवीन शिक्षक संवर्ग ( अध्यापक संवर्ग ) एरियर की शेष बची सभी किस्तों को तुरंत जारी करने के आदेश जारी किये जाये। संकुल प्राचार्यो का कहना है की हमारे द्वारा एक वर्ष पूर्व इसकी जानकारी विदिशा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा की जा चुकी है।






### प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने दिया ज्ञापन -

प्रांतीय शिक्षक संघ जिला विदिशा मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 12.07.24 को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया, इसके अलावा कई आवेदन दिये जा चुके है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी महोदय है की आदेश जारी करने का नाम नहीं ले रहे है।

**आरोपी सोनू मीना की गिरफ्तारी पर दो हजार रुपये का था इनाम**

# हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी के थाना आनंदपुर में आरोपी एक साल से फरार था पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी लटेरी अजय मिश्रा के नेतृत्व में में हत्या के इनामी फरार आरोपी सोनू उर्फ अमान सिंह मीणा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम डोंडखेड़ा को गिरफ्तार किया गया उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी करने या गिरफ्तारी में सहयोग करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय विदिशा द्वारा 2000 रुपए पुरस्कार की घोषणा की गई थी एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम चोपना में ग्राम सियाखेड़ी थाना चांचौड़ा से बारात आई थी जिसमें एक युवक का किसी कारण से विवाद हो गया था उक्त विवाद में बारात में आए सीताराम मीणा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमला किया जिससे सीताराम के सर में गहरी चोट आई थी इलाज के दौरान सीताराम मीणा को उपचार के लिये इन्दोर ले जाया गया था जहाँ उसे आई प्राणघातक चोटों की वजह से मृत्यु हो गई थी। जिसमें थाने पर पंजीकृत अपराध में धारा 302 दुष्ट का इजाफा किया जाकर मुख्य आरोपी सोनू उर्फ अमन मीणा के विरुद्ध प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण में मारपीट का वीडियो से आरोपी की पहचान हुई। आरोपी विगत वर्ष से फरार चल रहा था मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की फरार आरोपी सोनू मीणा गांव में ही घूम रहा है उक्त सूचना पर थाना प्रभारी दीपक राठौर मय पुलिस टीम के ग्राम डोंडखेडा में दबिश दी गई एवं घेराबंदी कर फरार आरोपी सोनू मीणा को गिरफ्तार किया गया आरोपी की निशादेही में घटना में प्रयुक्त हथियार वेसवॉल के बेट को उसकी निशहदेही पर जप्त किया गया। आरोपी सोनू मीणा को माननीय न्यायालय समक्ष के पेश किया गया।




प्रकरण विवेचनाधीन है। इनकी रही भूमिका - उप निरीक्षक दीपक राठौर, सहायक उप निरीक्षक अनूप यादव, प्रधानारक्षक अशोक मीणा, आरक्षक तखत, आर. सौरभ यादव, आरक्षक निलेश धाकड़, आर. विजय शर्मा, आरक्षक राजा, महिला आरक्षक ललित चौहान आदि।

# चार लाख रूपए की आर्थिक मदद जारी

**सिरोंज।** तालाब में डूबने से मृतक के परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता विदिशा उपखण्ड अधिकारी के द्वारा जारी की गई है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विदिशा शहरी तहसील के तहसीलदार के प्रतिवेदन पर अभिषेक पुत्र प्रेम सिंह निवासी मढवाई तहसील रायसेन की मृत्यु तालाब में डूबने से होने के कारण आरबीसी 6(4) के प्रावधानो तहत मृतक के पिता प्रेम सिंह पुत्र किशनलाल वंशकार निवासी मढवाई को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता जारी की गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने सिरोंज के दो प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार आरोपी के दो प्रकरणों में सूचना देने वालो को दो-दो हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 25/2024 का फरार आरोपी सुरेश पुत्र शंकर सहरिया उम्र 25 साल निवासी बरवटपुर तहसील सिरोंज तथा थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 430/2024 के फरार आरोपी भल्ला उर्फ प्रेमशंकर पुत्र सुखलाल अहिरवार उम्र 48 साल निवासी बालकदास की तलैया कागदीपुरा विदिशा की सूचना देने वालो को दो-दो हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

**मेट्रो एंकर** | **आखिरकार सिरोंज पर भी मेहरबान हुए इंद्र देवता**

# दीपनाखेड़ा की नदी चढ़ी, डेम में 6 इंच पानी बड़ा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जुलाई का पूरा महीना बीतने को पर जिस तरह की बारिश प्रदेश के अन्य जिलों में और आसपास हो रही थी सिरोंज विकासखंड में बरसात नहीं होने से नगर वासियों की चिंताएं बड़ी हुई थी फसलें भी चौपट हो रही है। अच्छी बरसात होने से इनमें भी वृद्धि होगी। डेम खाली होने के कारण जल सप्लाई में भी समस्या हो रही थी इंद्र देवता ने सोमवार मंगलवार की रात्रि में कृपा बरसाते हुए रात्रि 1 बजे से झमाझम बारिश का दौर प्रारंभ होते ही केथन डेम में 6 इंच के करीब पानी की वृद्धि हो गई है दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की नदी नाले भी उफान पर आने लगे हैं पहली बार दीपनाखेड़ा की नदी भी इस बरसात में चढ़ी इसके कारण रास्ता बंद हो गया इस वजह से सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग नदी उतारने का इंतजार करते रहे इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी पानी गिरने से किसानों सहित शहर वासियों ने भी राहत की सांस ली गर्मी से भी निजात मिल गई । मंगलवार को दिन भर रुक-रुक कर हल्की और तेज बारिश होने से गर्मी से भी राहत मिल गई तापमान में भी गिरावट देखने को मिली इसी तरह की बारिश लगातार होगी तब जल स्तर में वृद्धि होगी।



### जिले में अब तक 394.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

जिले में इस वर्ष अब तक 394.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि आज मंगलवार को 29.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो मंगलवार 23 जुलाई की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 53 मिमी, बासौदा में 16.2 मिमी, कुरवाई 39.4 मिमी, सिरोंज में 40 मिमी, लटेरी में 7.5 मिमी, ग्यारसपुर में 54, गुलाबगंज में आठ मिमी, नटेरन में 18 मिमी, शमशाबाद में 23.5 मिमी तथा पठारी तहसील में 38 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा बासौदा, सिरोंज, गुलाबगंज एवं नटेरन तहसील में वर्षा नगण्य रही। जिले की तहसीलो में अब तक दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 508 मिमी, बासौदा में 263 मिमी, कुरवाई में 458.2 मिमी, सिरोंज में 313 मिमी, लटेरी में 520.6 मिमी, ग्यारसपुर में 348 मिमी, गुलाबगंज में 276 मिमी, नटेरन में 380 मिमी, शमशाबाद में 354.7 मिमी तथा पठारी तहसील में 520 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।


**जिला रोजगार कार्यालय भोपाल (म. प्र.)**

**जिला रोजगार कार्यालय भोपाल**

**प्रेस -विज्ञापन**

**स्थानः- जिला रोजगार कार्यालय भोपाल , दिनांक 31 जुलाई 2024**

**जिला प्रशासन भोपाल के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 31 जुलाई 2024, समय 10.30 बजे से जिला रोजगार कार्यालय भोपाल में किया जा रहा है।**

| स. क्र. | रोजगार मेले में सम्मिलित कंपनियों का नाम | योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|
| 1 | भारती एयरटेल भोपाल | 12वी एवं स्नातक | 22 से 30 वर्ष |
| 2 | एजिस कस्मर सपोंट सर्विसेस प्रा. लि. मिनाल रेसीडेंसी जे.के. रोड भोपाल | 12 पास या स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान | 22 से 30 वर्ष |
| 3 | आई.सी.आई.सी.आई प्रडुंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्रा.लि. एमपी नगर भोपाल | 12वी, स्नातक, पी.जी | 18 से 30 वर्ष |
| 4 | दैनिक भास्कर कार्प प्रा.लि. द्वारका सदन प्रेस काम्पलेक्स भोपाल | आईटीआई, 12वीं, स्नातक, पी.जी | 18 से 35 वर्ष |
| 5 | निवा बुवा हैल्थ इंश्योरेंस प्रा. लि. भोपाल | 12वी, स्नातक | |
| 6 | भारतीय जीवन बीमा निगम | 12वी, स्नातक | 18 से 35 वर्ष |
| 7 | पुखराज हेल्थ केयर भोपाल | 12वी, स्नातक | 18 से 35 वर्ष |
| 8 | मॉ शारदा टरप्राइजेज प्रा. लि. भोपाल | 12वी, स्नातक | 18 से 35 वर्ष |
| 9 | पेटीएम, भोपाल । | 12वी, स्नातक | 18 से 35 वर्ष |
| 10 | एन.आई.आई.टी भोपाल | स्नातक, पी.जी, कम्प्यूटर | 18 से 30 वर्ष |
| 11 | एच.डी.बी.फाइनेंस सर्विसेस भोपाल। | 12वी, स्नातक, | 18 से 30 वर्ष |
| 12 | तूरूटेड एम्पलाई एण्ड सिक्यूरिटी सर्विसेस भोपाल | 8वी, 12वी | 18 से 35 वर्ष |
| 13 | आमधाने प्रा. लि. भोपाल | 12वी, स्नातक, पी.जी | 18 से 30 वर्ष |
| 14 | बजाज एलयान्यस लाइफ | 12 वी, स्नातक | 18 से 35 वर्ष |
| 15 | क्रिस्प भोपाल । | 12वी, | 18 से 35 वर्ष |

आप अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जावेग। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करें। G-13779/24

जिला रोजगार अधीकारी
जिला भोपाल (म.प्र.)

## हेलमेट को लेकर पुलिस कर रही भावनात्मक अपील

# बालक पूछ रहा मेरे पापा सेफ हैं और आपके?

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश पुलिस नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। नित नवाचारों द्वारा आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन किए जाने का प्रचार-प्रसार कर रही है। वाहन चालकों से अपील की जा रही है, जिसके अंतर्गत यह भावनात्मक संदेश दिया जा रहा है कि मेरे पापा सेफ हैं और आपके? मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर्स के माध्यम से इस तरह का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के सार्वजनिक स्थलों जैसे पेट्रोल पंप, कॉलेज, थाना परिसरों, चौराहों आदि स्थानों पर ऐसे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जो नागरिकों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। बच्चे ने नागरिकों से पूछा सवाल इस संदेश में पिता-पुत्र को हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन पर




जाते हुए दर्शाया गया है। इसमें वाहन पर पीछे बैठा हुआ बच्चा नागरिकों से भावनात्मक अपील कर रहा है कि हेलमेट पहनकर वाहन चलाते हुए मेरे पिता तो सुरक्षित हैं, क्या आपके पिता यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं? इस संदेश का नागरिकों के मानस पर भी सकारात्मक प्रभाव हो रहा है।

### खतरे को लेकर किया जा रहा आगाह

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा इस संदेश में सड़क दुर्घटना की भयावहता को भी उल्लेखित किया गया है। इस संदेश में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 में हुई दुर्घटनाओं में हेलमेट न पहनने के कारण 5512 नागरिक अपनी जान गवां चुके हैं। आप भी हेलमेट पहनकर अपने अनमोल जीवन को बचाएं। नागरिकों को किया जा रहा जागरूक मध्यप्रदेश के सभी जिलों में पुलिस विभाग के अधिकृत सोशल मीडिया हैंडल्स के साथ-साथ पोस्टर्स, बैनर्स लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में अन्य विषयों जैसे सायबर अवेयरनेस महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी पोस्टर्स बनाए गए हैं, जो प्रदेश स्तर पर अलग-अलग समय लगाए जाएंगे।

## दुकान के काउंटर से मोबाइल चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हनुमानगंज स्थित एक दुकान के काउंटर से मोबाइल फोन चोरी चला गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 6 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक हितेश चौहान (30) वर्धमान ग्रीनपार्क अशोका गार्डन में रहते हैं और चैतन्य मार्केट हनुमानगंज में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। हितेश ने पुलिस को बताया कि एक ग्राहक ने उन्हें अपना मोबाइल फोन सुधारने के लिए दिया था। मोबाइल को सुधारने के बाद उन्होंने काउंटर में रख दिया था। सोमवार को ग्राहक जब मोबाइल लेने पहुंचा तो मोबाइल नहीं मिला। काफी प्रयास करने के बाद भी जब मोबाइल का कुछ पता नहीं चला तो हितेश ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बालाघाट से भेजी साड़ियों की गठान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गौतम नगर स्थित मिलन गार्डन के पास पार्सल में भेजी गई साड़ियों की एक गठान चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे देखने पर उक्त गठान एक लोडिंग वाहन में लोड कर ले जाती हुई नजर। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सनी लालवानी (36) गिदवानी पार्क बैरागढ़ में रहते हैं और सुंदर फैशन साड़ी की दुकान पर काम करते हैं। 24 मई को उन्होंने 65 साड़ियों की एक गठान बालाघाट आर्डर पर भेजी थी। दुकान मालिक को साड़ियों की रेंज पसंद नहीं आई तो उन्होंने उक्त गठान दो दिन बाद ही नंदन बस सर्विस से वापस पार्सल कर दी। बस चालक ने उक्त पार्सल मिलन गार्डन स्थित बस पार्किंग के पास उतारी थी। सनी जब पार्सल लेने पहुंचे तो गठान नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी जब साड़ियों की गठान का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। कैमरे में एक लोडिंग वाहन चालक साड़ियों की गठान लेकर जाते हुए दिखाई दिया। उसके बाद सनी ने गौतम नगर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

### मंगलवार शाम लावारिस स्कूटर खड़ी देख पुलिस को हुआ था संदेह

# बड़े तालाब में पंप हाउस के पास से युवक और युवती के शव बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** श्यामला हिल्स थाना ?क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब में आज सुबह पंप हाउस के पास से एक युवती और युवक का शव बरामद किया गया है। उन्होंन आत्महत्या की या फिर हादसे में उनकी जान गई पुलिस जांच कर रही है। अनुमान तो यह है कि दोनों ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस ने युवती की पहचान बागसेवनिया के गायत्री नगर में रहने वाली प्रिया साहू के रूप में कर ली है, लेकिन मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।



थाना प्रभारी राम विलास विमल ने बताया कि मंगलवार शाम बड़े तालाब में वाटर पंप के पास सड़क पर एक स्कूटर खड़ी नजर आई?थी। लावारिस स्थिति में काफी देर तक स्कूटर खड़ी होने के कारण पुलिस ने अनहोनी की आशंका हुई और स्कूटर के नंबर के आधार पर घर का पता निकाला गया। पते के आधार पर बागसेवनिया गायत्री विहार पहुंची पुलिस ने बातचीत की तो पता चला कि स्कूटर प्रिया साहू की है और वह घर से स्कूटर लेकर निकली?थी। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि तालाब में एक युवती और युवक का शव मिला है। पुलिस ने प्रिया साहू की मां को लाश दिखाई तो उन्होंने प्रिया की पहचान कर ली।

### युवक की पहचान के प्रयास

पुलिस को जानकारी मिली है कि इसी वर्ष जनवरी में प्रिया साहू के पति का निधन हो गया था। इसके बाद से प्रिया साहू की सागर निवासी एक युवक से दोस्ती हो गई?थी। वह उक्त युवक के साथ घूमती थी और समय बिताती थी। हालांकि वह युवक कौन है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि युवक के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस उसकी पहचान करने के प्रयास कर रही है।

### दोहरी आत्महत्या की आशंका

पुलिस को आशंका है कि प्रिया साहू और उक्त युवक ने तालाब में कूदकर जान दी है, लेकिन उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त होने के बाद उसे परिजन और परिचितों से पूछताछ की जाएगी। अभी प्रिया साहू के परिवार के भी बयान नहीं हो सके हैं।

### केयर टेकर और हाउस कीपिंग का काम करने जाती थी युवती

## तीन मंजिला मकान से गिरकर युवती की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-4 अरेरा कॉलोनी में मंगलवार रात एक युवती तीसरी मंजिल से गिर गई। रहवासी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे हादसा मानकर चल रही है। हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अनीषा ओसवाल पिता भिखारी ओसवाल (19) बारह नंबर मल्टी में रहती थी। मूलतः गांव चमाटी, खंडवा निवासी अनीषा, यहां बारह नंबर मल्टी में मौसी के घर रह रही थी और केयर टेकर का काम करती थी। मंगलवार रात वह ई-4, अरेरा कॉलोनी में काम करने गई?थी, तभी तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## टीटीनगर स्थित मोबाइल टावर में लगे उपकरण चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर स्थित एक मोबाइल टावर में लगे कीमती उपकरण चोरी हो गए। पुलिस ने कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। चोरी गए उपकरणों की कीमत का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार गर्वित सिंह बघेल (31) फार्च्यून अटलांटिस, कटारा हिल्स में रहते हैं और रिलायंस जियो कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर हैं। उनकी कंपनी का लोकल आफिस एमपी नगर स्थित डीबी सिटी में है। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि रिलायंस जियो कंपनी का एक टावर पंचशील नगर स्थित दुर्गा नगर के पास लगा हुआ है, जिसकी देखरेख का जिम्मा उनके पास है। 17 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे



गर्वित ने टावर का विजिट किया था, तब सब कुछ ठीक था। सोमवार सुबह करीब 11 बजे दोबारा विजिट करने पहुंचे तो टावर में लगे कीमती उपकरण नहीं थे। उसके बाद गर्वित सिंह ने थाने जाकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

## पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा ने किया पौधरोपण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा पौधरोपण अभियान की इस कड़ी में मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक महिला सुरक्षा जोन एवं महिला हेल्पलाइन (1090) के कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। एडीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, आईजी हिमानी खन्ना एवं एआईजी किरणलता केरकेट्टा के साथ कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। अभियान के तहत सभी ने लगभग 100 पौधे जिनमें कचनार, आम, अमलतास, गुड़हल, चम्पा, रातरानी, बहेड़ा इत्यादि पौधे रोपे। इस कार्यक्रम में शासकीय आवास में निवासरत महिलाओं एवं बच्चों ने भी सहभागिता की। उन्होंने पौधों को सुरक्षित रखने एवं उनकी देखरेख करने का संकल्प भी लिया। इसके पहले 11 जुलाई को भी 23वीं वाहिनी विसबल परिसर में पौधरोपण किया गया था। इस दौरान 26 प्रजाति के करीब 300 पौधे रोपे गए थे।

## करोंद में एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित राज नगर कॉलोनी, करोंद में मंगलवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ दिनों से पत्नी से अनबन चल रही थी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला, लेकिन आत्महत्या से पूर्व मोबाइल से रिश्तेदार को आत्महत्या करने का मैसेज भेजा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार गौतम सिंह राजपूत पिता जवाहर सिंह राजपूत (32) राज नगर कॉलोनी करोंद में रहता था। वह परिवार के साथ रहता था और ड्राइवरी करता था। गौतम सिंह के भाई अभिषेक ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम गौतम ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि गौतम सिंह का मोबाइल जब्त किया है। उसने आत्महत्या से पूर्व किसी रिश्तेदार को मैसेज भेजा था।

**मेट्रो एंकर**

### जलशक्ति मंत्रालय के घर चोरी की वारदात

# टीटीनगर में डिप्टी डायरेक्टर के घर घुसा बदमाश पकड़ाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर में रहने वाले जलशक्ति मंत्रालय के एक डिप्टी डायरेक्टर के घर बदमाश चोरी की नीयत से घुस गया। रात करीब पौने 3 बजे वह अलमारी खोल रहा था, तभी डिप्टी डायरेक्टर की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए अपने कर्मचारी को आवाज दी तो उसने गेट बंद कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 100 ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस उससे चोरी और नकबजनी की घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है।


पुलिस के अनुसार करन सिंह सैनी (32) तुलसी नगर स्थित शासकीय आवास में रहते हैं। वह पर्यावास भवन स्थित भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय में डिप्टी डायरेक्टर हैं। रविवार-सोमवार की रात वह तीसरी मंजिल स्थित अपने पर सो रहे थे। रात करीब पौने 3 बजे अलमारी खुलने की आवाज आने पर उनकी नींद खुल गई।



आवाज लगाते हुए वह कमरे से बाहर निकले तो एक युवक नीचे की तरफ भागते हुए दिखाई दिया। उन्होंने अपने यहां काम करने वाले कर्मचारी को आवाज देकर युवक को पकड़ने का कहा तो वह भी बाहर आ गया। बाहर का गेट बंद होने के कारण बदमाश भाग नहीं सका और वहीं पर छिप गया। सैनी ने तत्काल ही डायल 100 को फोन लगाया, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया। बदमाश डिप्टी डायरेक्टर के घर से कोई सामान चोरी करने में सफल नहीं हुआ। पकड़ा गया युवक नरसिंहपुर का रहने वाला बताया गया है। वह बरखेड़ा पठानी गोविंदपुरा में रहता है और प्रायवेट काम करता है। फिलहाल उसका कोई आपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है। पुलिस उससे चोरी और नकबजनी की घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है।

## महिला के सूने मकान से जेवरात और नकदी चोरी

**भोपाल।** गौतम नगर में रहने वाली एक महिला के मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय महिला अपने मायके ऐशबाग चली गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नुजहत निजाम (42) न्यू आरिफ नगर गौतम नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। बीते शनिवार की शाम करीब पांच बजे वह मकान पर ताला लगाकर बच्चों के साथ बाग दिलकुशा ऐशबाग स्थित मायके चली गई थी। रविवार की रात करीब आठ बजे वापस लौटने पर ताला टूटा मिला। अंदर जाके चैक करने पर अलमारी में रखे सोने के टाप्स, नाक की 4 लौंग, चांदी का सिक्का और पांच हजार रुपए नकदी समेत अन्य सामान गायब था।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022